सर्वनाम : अयम् यह (पुं.) **अस्य** इसका (पुं.) **एतेषु सर्वेषु** इन सभी में (पुं. और नपुं.) **अस्मिन्** इसमें (पुं.) **केन** किसके द्वारा (पु.) **य:** जो (पुं.)

विशेषण : प्राचीनतम अत्यन्त प्राचीन, अत्यधिक पुराना **प्रथमा** पहली **द्वितीया** दूसरी, दूसरे स्थान पर रही हुई **निखिल** पूरा, सम्पूर्ण **तादृश** उसके जैसा **प्रविष्ट** प्रवेश कर चुका, प्रवेश किया हुआ

अव्यय : प्राय: अधिकतर, अत्यधिक रूप से **इह** यहाँ, इस स्थान पर **अन्यत्र** कहीं और, किसी अन्य स्थान पर **क्वचित्** कहीं, कभी **कुत्रापि** कहीं भी **सर्वत्र** सब जगह, हर जगह **केचन** कुछ (पुं.) **तद्यथा** जिस तरह से, जैसेकि

कृदन्तपद : सम्मिल्य (सम् + मिल् + त्वा > य) अधिकृत्य (अधि + कृ + त्वा > य) भवितुम् (भू-भव् + तुम्) समीक्ष्य (सम् + ईक्ष् + त्वा > य) ।

समास : **राजवैद्यः** (वैद्यानाम् राजा राजवैद्यः अथवा राज्ञः वैद्यः राजवैद्यः, षष्ठी तत्पुरुष) **विश्वविख्यातेषु** (विश्वस्मिन् विख्यातः विश्वविख्यातः, तेषु । षष्ठी तत्पुरुष) **औषधयोगानाम्** (औषधानाम् योगः औषधयोगः, तेषाम् । षष्ठी तत्पुरुष) **औषधविज्ञानस्य** (औषधस्य विज्ञानम् औषधविज्ञानम्, तस्य । षष्ठी तत्पुरुष) **रोगरहितः** (रोगेण रहितः रोगरहितः । तृतीया तत्पुरुष)

विशेष

(1) शब्दार्थ : कनिष्कनृपतेः कनिष्क नामक राजा का **ग्रन्थस्य प्रमाणम्** ग्रन्थ का प्रमाण, ग्रन्थ का आकार (प्राचीन समय में ग्रन्थ के आकार को नापने की एक पद्धति थी । तदनुसार ग्रन्थ के सभी अक्षरों को गिनकर उन अक्षरों की संख्या को बत्तीस से (कभी 8 से) भाग देकर जो उत्तर प्राप्त हो उस उत्तर की संख्या को ग्रन्थ के आकार के रूप में स्वीकार किया जाता था ।) **द्वादशसहस्रश्लोकात्मकः** बारह हजार श्लोक वाला ग्रन्थ **सहस्रद्वयम्** दो हजार **निवारकानि** निवारण करने वाला **विनाशकानि** विनाश करने वाला **उच्छिष्टम्** जूठन, उपयोग के पश्चात अवशिष्ट **स्मर्तव्याः** स्मरण करने योग्य **हिताहारविहारसेवी** हितकारक भोजन तथा आचरण करने वाला **समीक्ष्यकारी** अच्छी तरह से सोचकर काम करने वाला, सोच समझकर व्यवहार करने वाला **दाता** दान करने वाला **समः** समता वाला, समान भावना वाला **आप्तोपसेवी** आप्त लोगों की सेवा करने वाला (यथार्थवक्ता अर्थात् जैसा है वैसा ही करने का व्रत रखने वाला तथा साक्षात् कृतधर्मा अर्थात् जिसने स्वयं के ज्ञान और कर्म से धर्म का साक्षात्कार किया है । वैसी महान आत्मा को आप्त कहा जाता है ।) अरोगी रोग रहित

(2) सन्धि : अयमेवाचार्यः (अयम् एव आचार्यः) । चाधिकृत्य (च अधिकृत्य) । यदिहास्ति (यत् इह अस्ति) । यन्नेहास्ति (यत् न इह अस्ति) । उक्तेरयमर्थः (उक्तेः अयम् अर्थः) । विषयेष्वसक्तः (विषयेषु असक्तः) । भवत्यरोगी (भवति अरोगी) भवितुमर्हतीति (भवितुम् अर्हति इति) । तस्येदमुत्तरम् (तस्य इदम् उत्तरम्) ।

स्वाध्याय

1. विकल्पेभ्यः समुचितम् उत्तरं चिनुत ।

(1) चरकसंहितायाः प्रकरणेषु कति अध्यायाः सन्ति ? ◯

(क) 120 (ख) 122 (ग) 100 (घ) 210

(2) हिताहारविहारसेवी नरः कीदृशो भवति ? ◯

(क) अरोगी (ख) विद्वान् (ग) आप्तसेवी (घ) बलवान्

(3) 'ज्वरः' शब्दस्य अर्थः कः ? ◯

(क) जवारे (ख) बुखार (ग) जरा सा (थोड़ा) (घ) जरा (बुढ़ापा)

(4) 'उचितः' शब्दस्य विरुद्धार्थः कः ?

(क) निश्चिंतः (ख) अरुचिः (ग) सूचितः (घ) अनुचितः

(5) 'रोगरहितः' शब्दस्य समासप्रकारं लिखत ।

(क) षष्ठी तत्पुरुष (ख) द्वितीया तत्पुरुष (ग) तृतीया तत्पुरुष (घ) पञ्चमी तत्पुरुष

(6) 'कुत्रापि' शब्दस्य योग्यसन्धिविच्छेदं दर्शयत ।

(क) कुत्रा + अपि (ख) कुत्र + अपि

(ग) कु + तत्र + अपि (घ) कु + त्रापि

2. एकवाक्येन संस्कृतभाषया उत्तरं लिखत ।

(1) आचार्यचरकस्य कः ग्रन्थः सुप्रसिद्धः वर्तते ?

(2) चरकस्य ग्रन्थे कस्य व्याख्यानं वर्तते ?

(3) औषधस्य आवश्यकता कदा भवति ?

(4) स्वास्थ्ये कस्य प्रभावो भवति ?

3. रेखाङ्कितपदानि आधृत्य प्रश्नवाक्यं रचयत ।

(कस्य, केन, कः, कस्मै)

(1) चरकाचार्यस्य चरकसंहितानामकः सुप्रसिद्धः ग्रन्थः वर्तते ।

(2) चरकाचार्यः भारते औषधविज्ञानस्य प्रवर्तकः इति मन्यते ।

(3) मानवेन सम्यक् व्यवहारः करणीयः ।

4. वर्गसहितं अनुनासिकपदं लिखत ।

उदा. संजातः च वर्गः सञ्जातः

(1) परंतु .... (2) तदानींतनम् ....

(3) संमिल्य .... (4) अंगम् ....

5. स्वभाषायाम् अनुवादं कुरुत ।

(1) आयुर्वेदस्य प्राचीनतमेषु विश्वविख्यातेषु च ग्रन्थेषु अस्य गणना भवति ।

(2) अत्र प्रायः सहस्रद्वयम् औषधयोगानां विस्तृतं व्याख्यानमस्ति ।

(3) निखिलमपि आयुर्वेदसाहित्यम् आचार्यचरकस्य उच्छिष्टमस्ति ।

(4) यः नरः हितस्य आहारस्य विहारस्य च सेवनं करोति सः रोगरहितो भवति ।

(5) यदा रोगः शरीरे प्रविष्टो भवति तदा औषधस्य आवश्यकता भवति ।

18. बिलस्य वाणी न कदापि मे श्रुता

[संस्कृत साहित्य की अनुपम कृति और विश्वभर में प्रसिद्ध पंचतंत्र नामक कथा ग्रंथ में से प्रस्तुत कथा ली गई है । पंचतंत्र के रचयिता विष्णुशर्मा हैं । उन्होंने अमरशक्ति नामक राजा के पुत्रों को मात्र छः महीना के समय में राजनीति में निपुण बनाने के लिए इस ग्रंथ की रचना की थी । इसमें मित्रभेद, मित्रप्राप्ति, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश और अपरीक्षितकारक पाँच तंत्र (प्रकरण) हैं, इसलिए इस ग्रंथ का नाम पंचतंत्र है ।

प्रत्येक तंत्र के आरम्भ में पहले एक कथा शुरू की जाती है और फिर उसकी उपकथाओं के रूप में अनेक कथाएँ आती रहती हैं । गद्य और पद्य दोनों शैली में रचित छोटी-छोटी सुंदर रसमय प्राणी कथाओं की अद्‌भुत संकल्पना इस ग्रंथ में है । प्रत्येक कथा में व्यक्ति का बुद्धिचातुर्य बढ़े, इसका विशेष ध्यान रखा गया है । कथा के अंतर्गत किसी एक विषय का प्रतिकूल तथा अनुकूल दोनों पक्ष सामने रखकर कथावस्तु को आगे बढ़ाया गया है । कथोपकथन की इस विशिष्ट शैली के कारण मनोरंजन के साथ-साथ जीवनोपयोगी मूल्यवान उपदेश भी पाठक को प्राप्त होते रहते हैं ।

आने वाली आपत्ति की जानकारी और फिर उससे बचने का उपाय सिखाने वाली इन कथाओं का अध्ययन करते समय पाठ में उपयोग किए गए अव्यय पदों का भी अध्ययन करेंगे ।]

कस्मिंश्चित् वने खरनखरः नाम सिंहः प्रतिवसति स्म । सः कदाचित् इतस्ततः परिभ्रमन् क्षुधार्तः न किञ्चिदपि आहारं अलभत । ततः सूर्यास्तसमये एकां महतीं गुहां दृष्ट्वा सः अचिन्तयत् - ''नूनम् एतस्यां गुहायां रात्रौ कोऽपि जीवः आगच्छति । अतः अत्रैव निगूढो भूत्वा तिष्ठामि'' इति ।

एतस्मिन् अन्तरे गुहायाः स्वामी दधिपुच्छः नाम शृगालः समागच्छत् । स च यावत् पश्यति तावत् सिंहपदपद्धतिः गुहायां प्रविष्टा, न च बहिरागता अपश्यत् । शृगालः अचिन्तयत् - ''अहो विनष्टोऽस्मि । नूनम् अस्मिन् बिले सिंहः अस्तीति तर्कयामि । तत् किं करवाणि ?'' एवं विचिन्त्य दूरस्थः रवं कर्तुमारब्धः - ''भो बिल ! भो बिल ! किम् न स्मरसि यन्मया त्वया सह समयः कृतोऽस्ति यत् यदाहं बाह्यतः प्रत्यागमिष्यामि तदा त्वं माम् आकारयिष्यसि ? यदि त्वं मां न आह्वयसि तर्हि अहं द्वितीयं बिलं यास्यामि इति ।''

अथ एतच्छ्रुत्वा सिंहः अचिन्तयत् - 'नूनमेषा गुहा स्वामिनः सदा समाह्वानं करोति । परन्तु मद्भयात् न किञ्चित् वदति ।' तदहम् अस्य आह्वानं करोमि । एवं सः बिले प्रविश्य मे भोज्यं भविष्यति । इत्थं विचार्य सिंहः

सहसा शृगालस्य आह्वानमकरोत् । सिंहस्य उच्चगर्जनस्य प्रतिध्वनिना सा गुहा उच्चैः शृगालम् आह्वयत् । अनेन अन्येऽपि पशवः भयभीताः अभवन् । शृगालोऽपि ततः दूरं पलायमानः इममपठत् –

अनागतं यः कुरुते स शोभते
स शोच्यते यो न करोत्यनागतम् ।
वनेऽत्र संस्थस्य समागता जरा
बिलस्य वाणी न कदापि मे श्रुता ।।

टिप्पणी

संज्ञा (पुल्लिंग) : (खरनखरः यह नाम है ।) **क्षुधार्तः** भूख से पीड़ित, भूखा **जीवः** प्राणी, जीव **निगूढः** छिपा हुआ (दधिपुच्छः यह सियार का नाम है ।) **शृगालः** सियार **रवः** ध्वनि, शब्द, आवाज **समयः** शर्त, नियम

(स्त्रीलिंग) : गुहा गुफा **सिंहपदपद्धतिः** सिंह के पद-चिह्न **प्रतिध्वनिः** प्रत्यावर्तित ध्वनि **जरा** वृद्धावस्था, बुढ़ापा

(नपुंसकलिंग) : बिलम् बिल, छिद्र **भयम्** भय, डर

सर्वनाम : एतस्याम् इसमें (स्त्रीलिंग) **एतस्मिन्** इसमें (पुल्लिंग) **अस्मिन्** इसमें (पुल्लिंग) **मया** स्वयं से, मेरे द्वारा, मुझसे **त्वया** तुमसे, तुम्हारे द्वारा **माम्** मुझे **एषा** यह (स्त्रीलिंग) **अस्य** इसका **अनेन** इससे, इसके द्वारा, इनसे **अन्ये** दूसरे **इमम्** इसे (पुल्लिंग) **मे** मेरा (यह मम षष्ठी एकवचन का वैकल्पिक रूप है, जो कभी भी वाक्य के आरम्भ में नहीं आता ।)

विशेषण : दूरस्थ दूर स्थित **कृत** किया हुआ **द्वितीय** दूसरा **अनागत** जो आया न हो वह, आने वाला

अव्यय : कस्मिंश्चित् किसी एक में, कोई **किञ्चिदपि** कुछ भी, थोड़ा भी **अत्रैव** यहाँ ही **बाह्यतः** बाहर की तरफ से **यदा** जब **तदा** तब **इत्थम्** इस प्रकार, **सहसा** अचानक **उच्चैः** जोर से

समास : क्षुधार्तः (क्षुधया आर्तः, तृतीया तत्पुरुष) । सूर्यास्तसमये (सूर्यस्य अस्तः सूर्यास्तः । सूर्यास्तस्य समयः सूर्यास्तसमयः, तस्मिन् । षष्ठी तत्पुरुष) । सिंहपदपद्धतिः (सिंहस्य पदानि सिंहपदानि । सिंहपदानां पद्धतिः सिंहपदपद्धतिः । षष्ठी तत्पुरुष) भयभीताः (भयेन भीताः, तृतीया तत्पुरुष) अनागतम् (न आगतम् अनागतम्, नञ् तत्पु.)

कृदन्तपद : दृष्ट्वा (दृश् + त्वा) । **भूत्वा** (भू + त्वा) । **श्रुत्वा** (श्रु + त्वा) । **प्रविश्य** (प्र + विश् + त्वा > य) ।

क्रियापद : प्रथम गण : (परस्मैपद) **प्रति + वस् (प्रतिवसति)** निवास करना, रहना **स्मृ (स्मरति)** स्मरण करना, याद करना, **प्रति + आ + गम् – गच्छ्** (प्रत्यागच्छति) वापस आना **आ + ह्वे – ह्वय् (आह्वयति)** बुलाना **पठ् (पठति)** पढ़ना, पाठ करना, बाँचना

(आत्मनेपद) **शुभ्** (शोभते) शोभायमान होना

दशमगण : (परस्मैपद) **तर्क्** (तर्कयति) अनुमान करना, कल्पना करना, मानना

विशेष

(1) शब्दार्थ : परिभ्रमन् घूमते हुए, भ्रमण करते हुए, भटकते हुए **क्षुधार्तः** भूखा, भूख से पीड़ित **निगूढो भूत्वा** छिप कर **तर्कयामि** सोचता हूँ, समझता हूँ **किं करवाणि** क्या करूँ ? **दूरस्थः** दूर खड़ा हुआ **आकारयिष्यति** पुकारेगा, बुलाएगा **भोज्यम्** भोजन **आह्वानमकरोत्** आवाहन किया **उच्चगर्जनस्य** जोर से गरजने का **पलायमानः** भागते हुए, दूर जाते हुए **कुरुते** करता है **शोच्यते** शोक का, चिन्ता का पात्र बनता है **संस्थस्य** रहने वाले का, बसते हुए का **न कदापि मे श्रुता** मैंने कभी नहीं सुना

(2) सन्धि : इतस्ततः (इतः ततः) । कोऽपि (कः अपि) । अत्रैव (अत्र एव) । निगूढो भूत्वा (निगूढः भूत्वा) । बहिरागता (बहिः आगता) । विनष्टोऽस्मि (विनष्टः अस्मि) । यन्मया (यत् मया) । कृतोऽस्ति (कृतः अस्ति) । यदाहम् (यदा अहम्) । एतच्छ्रुत्वा (एतत् श्रुत्वा) । अन्येऽपि (अन्ये अपि) । शृगालोऽपि (शृगालः अपि) । करोत्यनागतम् (करोति अनागतम्)। वनेऽत्र (वने अत्र) ।

स्वाध्याय

1. विकल्पेभ्यः समुचितम् उत्तरं चिनुत ।

(1) कीदृशः सिंहः वने इतः ततः परिभ्रमणम् अकरोत् । ◯

(क) तृषार्तः (ख) क्षुधार्तः (ग) भयार्तः (घ) निगूढः

(2) शृगालस्य नाम किम् आसीत् । ◯

(क) खरनखरः (ख) मदोन्मत्तः (ग) दीर्घपुच्छः (घ) दधिपुच्छः

(3) शृगालस्य गुहायां कः प्रविष्टः । ◯

(क) शृगालः (ख) सिंहः (ग) गजः (घ) शशकः

2. एकवाक्येन संस्कृतभाषया उत्तरं लिखत ।

(1) सूर्यास्तसमये सिंहः किम् अपश्यत् ?

(2) शृगालः कस्य पदपद्धतिम् अपश्यत् ?

(3) शृगालस्य वचनं श्रुत्वा सिंहः किम् अकरोत् ?

(4) बिलस्य वाणी न कदापि मे श्रुता - इति वाक्यं कः वदति ?

3. घटना-क्रमानुसारं वाक्यानि लिखत ।

(1) शृगालः अपि ततः दूरं पलायमानः इमम् अपठत् ।

(2) क्षुधार्तः सिंहः किञ्चिदपि आहारं न अलभत ।

(3) इत्थं विचार्य सिंहः सहसा शृगालस्य आह्वानम् अकरोत् ।

(4) भो बिल ! भो बिल ! किं न स्मरसि ।

(5) अतः अत्रैव निगूढो भूत्वा तिष्ठामि ।

(6) यदि त्वं मां न आह्वयसि तर्हि अहं द्वितीयं बिलं यास्यामि ।

4. कृदन्तप्रकारं लिखत ।

(1) दृष्ट्वा ..... (2) भूत्वा ..... (3) विचिन्त्य .....

(4) कर्तुम् ..... (5) प्रविश्य .....

5. स्म-प्रयोगेण क्रियापदानि परिवर्तयत ।

(1) अचिन्तयत् (2) अगच्छत् (3) अपठत् (4) अवसत्

6. समासप्रकारं लिखत ।

(1) सूर्यास्तः (2) पदपद्धतिः (3) भयभीताः (4) गर्जनप्रतिध्वनिः

7. मातृभाषया उत्तराणि लिखत ।

(1) सायं काल गुफा को देखकर सिंह ने क्या सोचा ?

(2) गुफा के स्वामी सियार ने गुफा के आगे पद-चिह्न देखकर क्या सोचा ?

(3) गुफा से दूर रहकर सियार ने कौन-सी शर्त याद करवाई ?

(4) इस कहानी से क्या बोध मिलता है ?

(5) सियार ने जाते-जाते क्या कहा ?

8. मातृभाषायाम् अनुवादं लिखत ।

(1) अतः अत्रैव निगूढो भूत्वा तिष्ठामि ।

(2) नूनम् अस्मिन् बिले सिंहः इति तर्कयामि ।

(3) यदि त्वं मां न आह्वयसि तर्हि अहं द्वितीयं बिलं यास्यामि ।

(4) एवं सः बिले प्रविश्य मे भोज्यं भविष्यति ।

(5) अनेन अन्ये अपि पशवः भयभीताः अभवन् ।

(6) बिलस्य वाणी न कदापि मे श्रुता ।

9. अव्ययपदानाम् अर्थं लिखत ।

(1) यदा ..... (2) तथा ..... (3) कुत्र .....

(4) इतः ..... (5) सर्वदा .....

प्रवृत्ति

- कोई एक प्राणी-कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

19. विनोदपद्यानि

[संस्कृत भाषा की अनेक लाक्षणिकताएँ हैं । जैसेकि, पदान्वय, संधि, समास, शब्दों की अनेकार्थता आदि । इन सभी लाक्षणिकताओं का उपयोग करके संस्कृत के सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविता में अनेक प्रकार के चमत्कार किए हैं । इस तरह इन कवियों ने अपनी रचनाओं से खूब यश प्राप्त किया है । कई कवियों ने तो ऐसे एकाद चमत्कारपूर्ण श्लोक की रचना करके स्वयं को अमर बना दिया है ।

ऐसी रचनाओं के अनेक संग्रह हैं । उन सभी संग्रहों में से यहाँ मात्र दस पद्य लिए गए हैं । जिनमें से प्रथम पाँच प्रहेलिका प्रकार के हैं । शेष पाँच पद्य संस्कृत की लाक्षणिकताओं का आश्रय लेकर भिन्न-भिन्न प्रकार की अनोखी चमत्कृति पैदा करते हैं ।

प्रस्तुत श्लोकों के अध्ययन से काव्यात्मक चमत्कृति का रसास्वाद तो करेंगे ही, साथ ही साथ जगत के कुछ पदार्थों की विशेषताएँ, कुछ ऐतिहासिक विवरण और कुछ नैतिक विषयों का बोध भी प्राप्त करेंगे ।]

कं संजघान कृष्णः का शीतलवाहिनी गङ्गा ।
के दारपोषणरताः कं बलवन्तं न बाधते शीतम् ॥1॥
तातेन कथितं पुत्र लेखं लिख ममाज्ञया ।
न तेन लिखितो लेखः पितुराज्ञा न लोपिता ॥2॥
सीमन्तिनीषु का शान्ता राजा कोऽभूत् गुणोत्तमः ।
विद्वद्भिः का सदा वन्द्या चात्रैवोक्तं न बुध्यते ॥3॥

व्रजन्ति पद्मानि कदा विकासम्
प्रिया गते भर्तरि किं करोति ।
रात्रौ च नित्यं विरहातुरा का
सूर्योदये रोदिति चक्रवाकी ॥4॥

आदौ नकारः परतो नकारः मध्ये नकारेण हतो दकारः ।
एवं नकारत्रयसंयुतस्य का दानशक्तिः खलु नन्दनस्य ॥5॥

एको न विंशतिः स्त्रीणां स्नानार्थं सरयुं गताः ।
विंशतिः पुनरायाताः एको व्याघ्रेण भक्षितः ॥ 6 ॥
तुरोऽहं प्रथमं हित्वा चरोऽस्मि मध्यमं विना ।
आद्यमध्यान्तिमैर्युक्तः को भवामि वदन्तु भोः ॥ 7 ॥
अहं च त्वं च राजेन्द्र लोकनाथावुभावपि ।
बहुव्रीहिरहं राजन् षष्ठीतत्पुरुषो भवान् ॥ 8 ॥

टिप्पणी

संज्ञा (पुल्लिंग) : लेखः निबंध, लेख **नकारः** वर्णमाला का **'न'** वर्ण **दकारः** वर्णमाला का **'द'** वर्ण **नन्दन** एक व्यक्ति का नाम इसमें आगे और पीछे न अर्थात् न निषेधार्थक) है, बीच में एक द (दान कर, दे, इस अर्थ का वाचक) था । वह भी (नन्दन - इस शब्द में) मध्य में प्रयुक्त न वर्ण के द्वारा मृत प्राय हो चुका है । इसलिए नन्दन के पास दान करने की शक्ति कहाँ होगी ? यही वह रहस्य है । **बहुव्रीहिः** समास का एक प्रकार **षष्ठी तत्पुरुषः** समास का एक प्रकार

(स्त्रीलिंग) : गङ्गा गंगा नदी **सीमन्तिनी** मांग भरी स्त्री, विवाहिता स्त्री **प्रिया** पत्नी, प्रियतमा **चक्रवाकी** चकवी **विंशति** बीस (संख्या) **सरयु** सरयू नदी (जिसके तट पर अयोध्या नगरी है ।)

(नपुंसकलिंग) : शीतम् ठंडक, ठंडी **पद्मम्** कमल

समास : गुणोत्तमः (गुणेषु उत्तमः । सप्तमी तत्पुरुष) । विरहातुरा (विरहेण आतुरा । तृतीया तत्पुरुष) सूर्योदये (सूर्यस्य उदयः सूर्योदयः, तस्मिन् । षष्ठी तत्पुरुष) । दानशक्तिः (दानस्य शक्तिः । षष्ठी तत्पुरुष) आद्यमध्यान्तिमैः (आद्यः च मध्यः च अन्तिमः च आद्यमध्यान्तिमाः, तैः । इतरेतर द्वन्द्व) । राजेन्द्रः (राज्ञाम् इन्द्रः, षष्ठी तत्पुरुष) । लोकनाथौ (बहुव्रीहिपक्षे - लोकाः जनाः नाथाः स्वामिनः यस्य सः - एवंविधः अहम् - निर्धनः, याचकत्वात् । षष्ठीतत्पुरुषपक्षे - लोकानाम् जनानाम् नाथः स्वामी - एवंविधः, त्वम् राजा, पालकत्वात् ।)

क्रियापद : प्रथम गण : (परस्मैपद) व्रज् (व्रजति) जाना, प्राप्त करना

(आत्मनेपद) **बाध् (बाधते)** परेशान करना, पीड़ा पहुँचाना

चतुर्थ गण : (आत्मनेपद) **बुध् (बुध्यते)** जानना, बोध होना

विशेष

(1) शब्दार्थ : कं संजघान किसका संहार किया (अन्य अर्थ में कंस जघान कंस का संहार किया ।) **का शीतलवाहिनी** शीतलता का वहन करने वाली कौन है ? (अन्य अर्थ में काशी नगरी के तल में बहने वाली) केदारपोषणरताः कौन परिवार का पोषण करने में रत है (अन्य अर्थ में) **केदारपोषणरताः** अर्थात् खेत के पोषण में रत **कं बलवन्तम्** किस बलवान को (अन्य अर्थ में कम्बलवन्तम् कम्बल वाले को **न तेन** उसके द्वारा नहीं (अन्य अर्थ में नतेन नम्र बने हुए) **सीमन्तिनीषु का शान्ता** विवाहिता स्त्रियों में कौन शान्त है ? (चरण के आदि एवं अन्त वर्ण को मिलाने से उत्तर स्पष्ट होता है - सीता । इसी प्रकार से शेष चरणों के उत्तर हैं - राम, विद्या) **अत्रैवोक्तम् न बुध्यते** यहाँ ही कहा गया है, फिर भी

ज्ञात नहीं होता ? **गते भर्तरि** पति के परलोक चले जाने पर **रोदिति** रोती है । **नकारत्रयसंयुतस्य नन्दनस्य** तीन नकार-युक्त नन्दन से **एको न विंशतिः स्त्रीणाम्** एक नर तथा बीस नारियाँ (अर्थ में एकोनविंशति स्त्रीणाम् - स्त्रियों में से उन्नीस स्त्रियाँ **तुरोऽहं प्रथमं हित्वा** प्रथम को छोड़कर **तुर** हूँ **चरोऽस्मि मध्यमं विना** मध्यम (बीच वाले) वर्ण के बिना मैं **चर** हूँ **आद्यमध्यान्तिमैर्युक्तः** आदि, मध्य और अन्तिम वर्णों से युक्त **कः भवामि** मैं कौन बनूँगा ? **वदन्तु** कहो **लोकनाथावुभावपि** हम दोनों लोकनाथ हैं ।

(2) सन्धि : चात्रैवोक्तम् (च अत्र एव उक्तम्) । तुरोऽहम् (तुरः अहम्) । को भवामि (कः भवामि) । लोकनाथावुभावपि (लोकनाथौ उभौ अपि) । बहुव्रीहिरहम् (बहुव्रीहिः अहम्) ।

स्वाध्याय

1. विकल्पेभ्यः समुचितम् उत्तरं चित्वा लिखत ।

(1) कंसं कः जघान ?

(क) कृष्णः (ख) भीमः (ग) बलरामः (घ) उग्रसेनः

(2) केन कथितं पुत्र लेखं लिख इति ?

(क) कृष्णेन (ख) मित्रेण (ग) तातेन (घ) स्वयमेव

(3) राजा कः अभूत् गुणोत्तमः ?

(क) युधिष्ठिरः (ख) रामः (ग) कृष्णः (घ) विभीषणः

(4) व्रजन्ति पद्मानि कदा विकासम् ?

(क) सूर्योदये (ख) प्रातःकाले (ग) प्रभाते (घ) मध्याह्ने

(5) एकः केन भक्षितः ?

(क) सिंहेन (ख) व्याघ्रेण (ग) रोगेण (घ) ध्वनिना

2. एकवाक्येन संस्कृतभाषया उत्तरं लिखत ।

(1) पुत्रेण कस्य आज्ञा न लोपिता ?

(2) चक्रवाकी कदा विरहातुरा भवति ?

(3) प्रिया गते भर्तरि किं करोति ?

(4) नकारत्रयसंयुक्तस्य नन्दनस्य का नास्ति ?

(5) विद्वद्भिः का सदा वन्द्या ?

(6) शीतं कं न बाधते ?

3. निम्नलिखितानां पदानां समासप्रकारं लिखत ।

(1) गुणोत्तमः ..... (2) विरहातुरा ..... (3) सूर्योदयः .....

(4) दानशक्तिः ..... (5) लोकनाथः .....

4. प्रदत्तान् शब्दान् प्रयुज्य वाक्यानि विरचयत ।

(1) किस बलवान को सर्दी परेशान नहीं करती है ?

(किम् बलवत् शीत न बाध् ।)

(2) राजा राम गुणोत्तम हैं ।

(नृप राम गुणोत्तम अस् ।)

(3) कमल कब खिलता है ?

(पद्म कदा विकास व्रज् ?)

(4) आदि में नकार है और पीछे भी नकार है ।

(आदि नकार अस् परतः अपि नकार अस् ।)

(5) पहले को त्याग करके मैं तुर हूँ ।

(प्रथम वि + हा + त्वा > य अस्मद् 'तुर' अस् ।)

5. मातृभाषायाम् उत्तरत ।

(1) कं संजघान कृष्णः । इस वाक्य के दो अर्थ कौन-कौन से हैं ?

(2) नन्दन के पास दान शक्ति क्यों नहीं है ?

(3) स्नान के लिए वास्तव में कितने लोग गए थे ?

(4) राजा और रंक दोनों लोकनाथ किस प्रकार है ?

6. श्लोकाननुलक्ष्य यथायोग्यं संयोजयत ।

क	ख
(1) एको न विंशतिः स्त्रीणाम्	(1) चात्रैवोक्तं न बुध्यते ।
(2) बहुव्रीहिरहं राजन्	(2) स्नानार्थं सरयुं गता ।
(3) विद्वद्भिः सदा वन्द्या	(3) खलु नन्दनस्य ।
(4) तातेन कथितं पुत्र	(4) पाण्डवाः हर्षमागताः ।
(5) का दानशक्तिः	(5) षष्ठीतत्पुरुषो भवान् ।
	(6) लेखं लिख ममाज्ञया ।

प्रवृत्ति

- अन्य भाषा की पहेलियाँ एकत्रित कीजिए ।
- लोकनाथ शब्द जैसे द्विविध समास प्रयोगों को एकत्र कर, उनके अर्थों की सूची तैयार कीजिए ।
- एक से अधिक अर्थ वाले संस्कृत वाक्यों का संग्रह कीजिए ।

20. संस्कृतभाषायाः वैशिष्ट्यम्

[संस्कृत भाषा की अनेक विशेषताएँ हैं । एक तो यह हमारे भारत की प्राचीनतम भाषा है । साथ ही यह हमारी सांस्कृतिक राष्ट्रभाषा भी है । यह भारतीय प्राचीन सभ्यता तथा संस्कृति की वाहक है । इसके उपरांत संस्कृत भाषा मात्र भारतीय भाषाओं की ही नहीं, अपितु वह विश्व की अनेक भाषाओं की भी जननी है ।

संस्कृत की ख्याति सर्वत्र है । परन्तु आज वह प्राचीन युग की तरह बोलचाल की भाषा नहीं रही, जिसके कारण उसके प्रति लोगों में आत्मीयता पैदा नहीं होती है । एक भाषा के रूप में संस्कृत की जो खूबियाँ हैं, उसे जनसमाज को जानना आवश्यक है । प्रस्तुत पाठ उस दिशा में प्रवृत्ति का उपक्रम और प्रयत्न है ।

यहाँ संस्कृत की भाषागत विशेषताओं के साथ उसकी अभिव्यक्ति के सामर्थ्य और अभिव्यक्ति के लिए विविध विकल्पों को समझाने का उपक्रम रखा गया है । इस उपक्रम में भाषा और भाव का दबाव बढ़ न जाए, उसका भी ध्यान रखा गया है ।]

वयं जानीमः यत् संस्कृतभाषा सर्वासां भारतीयभाषाणां जननी वर्तते । अथ च संसारे याः भाषाः सन्ति तासु सा प्राचीनतमा भाषा । अस्याः भाषायाः अनेकविधं वैशिष्ट्यम् अस्ति । अत्र उदाहरणरूपेण किञ्चित् वैशिष्ट्यं प्रदर्शयामः ।

प्रथमं वैशिष्ट्यम् । संसारस्य समस्तेषु पुस्तकालयेषु प्राचीनतमः ग्रन्थः वर्तते ऋग्वेदः । अयमपि संस्कृतभाषायाः एव ग्रन्थः । एवं संसारस्य प्रथमं पुस्तकमपि संस्कृतस्यैव वर्तते न तु कस्याश्चित् अन्यस्याः भाषायाः ।

द्वितीयं वैशिष्ट्यम् । संस्कृतभाषायाः या वर्णमाला अस्ति, तत्र यः वर्णक्रमः निर्धारितः वर्तते, सः वैज्ञानिकः तार्किकः च अस्ति । प्रकृतितः सर्वेभ्यः मानवेभ्यः यत् उच्चारणतन्त्रं प्राप्तम् अस्ति, तस्य अनुसरणं कृत्वा अत्र वर्णमालायां वर्णानां क्रमः निर्धारितो वर्तते । उच्चारणतन्त्रस्य अनुसारम् अकारस्य उच्चारणम् प्रथमं भवति । अतः वर्णमालायाम् अकारः प्रथमः वर्तते । एवमेव व्यञ्जनवर्णेषु ककारस्य क्रमः पूर्वं चकारस्य च क्रमः पश्चात् वर्तते तस्यापि कारणमिदमेव । अन्यासु भाषासु याः वर्णमालाः सन्ति, तत्र एतादृशः तार्किकः वैज्ञानिकश्च क्रमः न मिलति ।

तृतीयं वैशिष्ट्यम् । आचार्येण पाणिनिना विरचितम् अष्टाध्यायीनाम्ना प्रसिद्धं संस्कृतव्याकरणं मानवमस्तिष्कस्य सर्वोत्तमा कृतिः वर्तते । एतादृशं व्याकरणम् अन्यत्र न उपलभ्यते ।

चतुर्थं वैशिष्ट्यम् । संस्कृतभाषायां महाभारतनाम्ना प्रसिद्धः एकः ग्रन्थः वर्तते । सः लक्षश्लोक-परिमितः । एतादृशः विशालकायः ग्रन्थः निखिलेऽपि संसारे नास्ति । इदमपि संस्कृतस्य अपरं वैशिष्ट्यम् ।

पञ्चमं वैशिष्ट्यम् । रामायणम् नाम सुप्रसिद्धम् आदिकाव्यम् अस्ति । पुरातने भारते अयं ग्रन्थः अनेकासु लिपिषु लिखितः । सम्प्रति सः नेवारी, मैथिली, बंगाली, देवनागरी, तेलगु, ग्रन्थ, मलयालम, शारदा इत्यादिषु लिपिषु लिखितः मिलति ।

संस्कृतभाषायाः एतादृशाः बहवो ग्रन्थाः सन्ति ये प्राचीनकाले अनेकासु लिपिषु लिखिताः । एतादृशः उपक्रमः अपि संस्कृतस्यैव वैशिष्ट्यम् वर्तते ।

षष्ठं वैशिष्ट्यम् । संस्कृतभाषायाः पञ्चतन्त्रनामकः ग्रन्थः प्रायः विश्वस्य सर्वासु भाषासु अनूदितः वर्तते । एतादृशं सौभाग्यम् अन्यस्याः कस्याश्चित् भाषायाः ग्रन्थेन अद्यावधि न प्राप्तम् ।

सप्तमं वैशिष्ट्यम् । संस्कृतसाहित्ये दशकुमारचरितनाम्ना प्रसिद्धम् कथापुस्तकम् वर्तते । तस्य सप्तमे उच्छ्वासे एकं पात्रं प-वर्गप्रयोगरहितानि वाक्यानि वदति । वर्णमालायाः अमुकान् वर्णान् विहाय संवादकरणं संस्कृते एव संभवति, नान्यत्र ।

अष्टमं वैशिष्ट्यम् । एकस्य वर्णस्य प्रयोगेण काव्यकरणम् संस्कृते एव संभवति । महाकविना माघेन विरचिते शिशुपालवधमहाकाव्ये दकारस्य नकारस्य च एकमात्रस्य वर्णस्य प्रयोगेण निर्मितानि पद्यानि अस्य प्रमाणानि सन्ति ।

एवम् संस्कृतस्य अनेकानि वैशिष्ट्यानि सन्ति ।

टिप्पणी

संज्ञा (पुल्लिंग) : अकारः अ अक्षर, वर्णमाला का प्रथम स्वर-अक्षर **ककारः क** अक्षर व्यंजनों में प्रथम वर्ण

(स्त्रीलिंग) : प्रकृतिः प्रकृति

(नपुंसकलिंग) : वैशिष्ट्यम् विशेषता, खासियत **मस्तिष्कम्** मस्तक, दिमाग

विशेषण : प्राचीनतम सबसे प्राचीन, अत्यन्त पुराना **तादृश** वैसा **एतादृश** ऐसा **एकाधिक** एक से अधिक

अव्यय : प्रायः अधिकांश, अधिकांश रूप से **अद्य** आज

समास : पुस्तकालयः (पुस्तकानाम् आलयः पुस्तकालयः । षष्ठी तत्पुरुष) । कथापुस्तकम् (कथानाम् पुस्तकम् कथापुस्तकम् । षष्ठी तत्पुरुष) । वर्णमाला (वर्णानां माला वर्णमाला । षष्ठी तत्पुरुष) । मानवमस्तिष्कम् (मानवस्य मस्तिष्कम् मानवमस्तिष्कम् । षष्ठी तत्पुरुष) । शिशुपालवधः (शिशुपालस्य वधः शिशुपालवधः । षष्ठी तत्पुरुष) ।

क्रियापद : छठा गण : (परस्मैपद) **मिल् (मिलति)** मिलता है ।

विशेष

(1) शब्दार्थ : सर्वासाम् सबका (स्त्री.) **उपलभ्यन्ते** प्राप्त होता है । **अनुदितः** अनुवाद किया हुआ **प-प्रयोगरहितानि** प-वर्ग (अर्थात् प, फ, ब, भ और म वर्ण) जिसमें न हो ऐसे शब्द वाले वाक्यों का प्रयोग **विहाय** छोड़कर **प्रकृतितः** प्रकृति से

(2) सन्धि : संस्कृतस्यैव (संस्कृतस्य एव) । निर्धारितो वर्तते (निर्धारितः वर्तते) । कारणमिदमेव (कारणम् इदम् एव) । वैज्ञानिकश्च (वैज्ञानिकः च) निखिलेऽपि (निखिले अपि) । बहवो ग्रन्थाः (बहवः ग्रन्थाः) ।

स्वाध्याय

1. अधोलिखितेभ्यः विकल्पेभ्यः समुचितम् उत्तरं चिनुत ।

(1) संस्कृतभाषायां लक्षश्लोकपरिमितः ग्रन्थः कः ?

(क) महाभारतम् (ख) रामायणम् (ग) दशकुमारचरितम् (घ) विष्णुपुराणम्

(2) संसारस्य प्राचीनतमः ग्रन्थः ..... वर्तते ?

(क) रामायणम् (ख) भागवतपुराणम् (ग) ऋग्वेदः (घ) यजुर्वेदः

(3) मुखतः उच्चारणकाले कस्य स्वर-वर्णस्य प्रादुर्भावः प्रथमं भवति ?

(क) एकारस्य (ख) उकारस्य (ग) ईकारस्य (घ) अकारस्य

(4) संस्कृतस्य वर्णमालायां वर्णानां क्रमः कस्य आधारेण निर्धारितः अस्ति ?

(क) व्यञ्जनस्य (ख) स्वरस्य (ग) उच्चारणतन्त्रस्य (घ) वर्णस्य

(5) दशकुमारचरितस्य कतमे उच्छ्वासे प-वर्गप्रयोगरहितानि वाक्यानि सन्ति ?

(क) सप्तमे (ख) पञ्चमे (ग) द्वितीये (घ) अष्टमे

(6) पाणिनिना रचितस्य व्याकरणस्य किं नाम ?

(क) पञ्चाक्षरी (ख) शताध्यायी (ग) अष्टाध्यायी (घ) अष्टाङ्गी

2. एकवाक्येन संस्कृतभाषया उत्तरं लिखत ।

(1) संस्कृतभाषायाः कः ग्रन्थः सर्वासु भाषासु अनूदितः वर्तते ?

(2) व्यञ्जनवर्णेषु कस्य क्रमः प्रथमः वर्तते ?

(3) माघेन रचितस्य काव्यस्य नाम किं वर्तते ?

(4) ऋग्वेदः कीदृशः ग्रन्थः वर्तते ?

(5) महाभारते कति श्लोकाः सन्ति ?

3. रेखाङ्कितपदानां स्थाने प्रकोष्ठात् उचितं पदं चित्वा प्रश्नवाक्यं रचयत ।

(किम्, कस्मिन्, कः, कासाम्)

(1) संस्कृतस्य वैशिष्ट्यं प्रदर्शयामः ।

(2) ऋग्वेदः प्राचीनतमः ग्रन्थः वर्तते ।

(3) संस्कृतभाषा भारतीयभाषाणां जननी ।

(4) पञ्चतन्त्रनामकः ग्रन्थः सर्वासु भाषासु अनूदितः वर्तते ।

4. शब्दरूपैः रिक्तस्थानानि पूरयत ।

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
(1)	ग्रन्थेन	.....	.....
(2)	.....	.....	वाक्यानि
(3)	.....	.....	सप्तमेषु
(4)	आचार्यः	.....	.....
(5)	.....	.....	भाषासु

5. प्रदत्तान् शब्दान् प्रयुज्य वाक्यानि रचयत ।

(1) संस्कृत भाषा में अनेक ग्रन्थ हैं ।

संस्कृतभाषा अनेक ग्रन्थ वृत् ।

(2) विश्व की प्रथम पुस्तक ऋग्वेद है ।

संसार प्रथम पुस्तक ऋग्वेद अस् ।

(3) रामायण प्रसिद्ध आदिकाव्य है ।

रामायण प्रसिद्ध आदिकाव्य वृत् ।

(4) यह भी संस्कृत की विशेषता है ।

इदम् अपि संस्कृत वैशिष्ट्य वृत् ।

6. मातृभाषया उत्तराणि लिखत ।

(1) संस्कृत भाषा की कोई भी दो विशेषताएँ बताइए ।

(2) संस्कृत वर्णमाला की विशेषता बताइए ।

(3) दशकुमारचरितम् की विशेषता बताइए ।

प्रवृत्ति

- संस्कृत भाषा के ध्येय-वाक्यों का संग्रह कीजिए ।
- संस्कृत भाषा की पत्रिकाओं की सूची बनाइए ।

अभ्यास 1 : पुनरावर्तनम्

कर्तृ कारक और वर्तमान काल के क्रियापदों का पुनरावर्तन

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए -

(1) सः छात्रः वेदं पठति ।

(2) हे बालक, त्वं वेदं पठसि ।

(3) अहम् प्रातः वेदं पठामि ।

हम कक्षा आठ में इस प्रकार के क्रियापदों वाली रचनाओं के विषय में पढ़ चुके हैं । अतः आगे पढ़ें इससे पूर्व थोड़ा पुनरावर्तन कर लेते हैं ।

उपर्युक्त तीनों वाक्यों में 'पठ्' धातु (क्रिया शब्द) प्रयुक्त हुआ है । परन्तु धातु के जिन रूपों का प्रयोग किया गया है, वे एक दूसरे से अलग हैं । जैसे - प्रथम वाक्य में पठति है, द्वितीय वाक्य में पठसि है और तृतीय वाक्य में पठामि है । ये एक दूसरे से अलग क्यों है और कैसे है, यह जानना अत्यन्त आवश्यक है । उपर्युक्त वाक्यों को ध्यान से देखा जाए तो पता चलता है -

(1) जहाँ सः है, वहाँ पठति रूप का प्रयोग किया गया है ।

(2) जहाँ त्वम् है, वहाँ पठसि रूप का प्रयोग किया गया है, जबकि

(3) जहाँ अहम् है, वहाँ पठामि रूप का प्रयोग किया गया है ।

यहाँ प्रयुक्त सः, तद् का, त्वम् ये युष्मद् का, तथा अहम् ये अस्मद् प्रथमा एकवचन का रूप है । प्रथमा विभक्ति के द्विवचन और बहुवचन के रूपों में इस प्रकार की भिन्नता दिखाई देती है । जिसे नीचे दिये गए कोष्ठक के आधार पर जाना जा सकता है ।

वर्तमानकाल (लट्लकार)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तम पुरुष (प्रथम पुरुष)	अहम् पठामि	आवाम् पठावः	वयम् पठामः
मध्यम पुरुष (द्वितीय पुरुष)	त्वम् पठसि	युवाम् पठथः	यूयम् पठथ
अन्य पुरुष (तृतीय पुरुष)	सः पठति	तौ पठतः	ते पठन्ति

हमें यह स्मरण रखना है कि वाक्य में जब त्वम्, युवाम्, यूयम् (युष्मद् - प्रथमा) आये, तब क्रमशः पठसि, पठथः, पठथ और जब अहम्, आवाम्, वयम् (अस्मद् - प्रथमा) आए, तब क्रमशः पठामि, पठावः, पठामः जैसे क्रियापदों का प्रयोग किया जाता है । परन्तु इनके अतिरिक्त किसी भी संज्ञा का प्रयोग वाक्य में किया गया हो, तो वहाँ वचन के अनुसार क्रमशः पठति, पठतः, पठन्ति क्रिया रूपों का प्रयोग किया जाएगा । (अधिकांशतः संस्कृत भाषा के वाक्यों में सः इत्यादि पदों का संदर्भ तो होता है, परन्तु प्रत्यक्ष प्रयोग नहीं होता । यथा - रामायणं पठामि । यहाँ अहम् (अस्मद् का) पद का प्रत्यक्ष प्रयोग नहीं किया गया है । परन्तु रूप के आधार पर इस वाक्य में अहम् पद् का अर्थ लिया गया है । इसी तरह अन्य स्थानों पर भी समझ लेना चाहिए ।)

इस बार हम वर्तमानकाल के अतिरिक्त भूतकाल और भविष्यकाल के (परस्मैपदी और आत्मनेपदी दोनों की) क्रियापदों के विषय में सीखने वाले है । इन सभी क्रियापदों में इसी प्रकार की भिन्नता दिखाई देती है । अतः प्रत्येक वाक्य की रचना करते समय इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए । (भूतकाल और भविष्यकाल के रूपों को सीखते समय इस प्रकार के रूप भिन्नता का कोष्ठक आगे दिया गया है ।)

स्वाध्याय

1. समुचितेन क्रियापदेन रिक्तानां स्थानानां पूर्तिः करणीया ।

(1) देवगणाः मेधाम् ..... । (यच्छति, यच्छतः, यच्छन्ति)

(2) वयम् अग्निम् ..... । (पूजयामि, पूजयामः, पूजयति)

(3) अधीशः पाठशालाम् ..... । (गच्छति, गच्छामि, गच्छसि)

(4) हे छात्राः, यूयम् मन्त्रान् ..... । (लिखति, लिखथ, लिखथः)

(5) सामगाः ..... । (गायति, गायसि, गायन्ति)

2. सूचनानुसारं शब्दरूपं चिनुत ।

(1) हस्, अन्य-पुरुष-द्विवचनम् । (हसति, हसामः, हसतः)

(2) चल्, मध्यम-पुरुष-बहुवचनम् । (चलामि, चलथ, चलथः)

(3) खेल्, उत्तम-पुरुष-बहुवचनम् । (खेलति, खेलामः, खेलथ)

(4) खाद्, अन्य-पुरुष-बहुवचनम् । (खादसि, खादथ, खादन्ति)

(5) पा-पिब्, उत्तम-पुरुष-एकवचनम् । (पिबामि, पिबसि, पिबति)

(6) गम्-गच्छ्, मध्यम-पुरुष-द्विवचनम् । (गच्छन्ति, गच्छतः, गच्छथः)

3. योग्यं शब्दरूपं चिनुत ।

(1) ..... पश्यामि । (अहम्, वयम्, त्वम्)

(2) ..... तिष्ठावः । (तौ, आवाम्, वयम्)

(3) अहं गृहम् ..... । (गच्छति, गच्छतः, गच्छामि)

(4) ..... नश्यति । (सः, त्वम्, अहम्)

(5) वयम् ..... । (कथयन्ति, कथयामः, कथयामि)

4. मातृभाषायाम् अनुवदत ।

(1) भक्ताः स्तोत्रं पठन्ति ।

(2) छात्रा पत्रं लिखति ।

(3) अहं गृहं गच्छामि ।

(4) वयम् ईश्वरं नमामः ।

(5) सिंहः वने वसति ।

5. संस्कृतभाषायाम् अनुवदत ।

(1) अधीश पढ़ता है ।

(2) मृग घास खाता है ।

(3) त्रिशा पशु को देखती है ।

(4) तुम क्या खा रहे हो ?

(5) हम विद्यालय जा रहे हैं ।

विशेष : क्रियापद के साथ उनके कर्ता के साथ (पुरुष तथा वचन के संदर्भ में) जोड़ना सिखाइए । इसी तरह कर्तृपद को उचित क्रियापद के रूपों के साथ जोड़ना सिखाइए ।

अभ्यास 2 : कारक-विभक्ति परिचयः

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) त्वं यानेन गृहं गच्छसि ।

(2) शिक्षकात् छात्राः वेदस्य मन्त्रं पठन्ति ।

(3) छात्रः प्रद्धनस्य उत्तराणि लेखिन्या सञ्चिकायां लिखति ।

उपर्युक्त वाक्यों में क्रमशः चार, पाँच और छः पद हैं । इन सभी पदों को दो भागों में बाँटा जा सकता है - (1) कारक पद और (2) क्रियापद । प्रथम वाक्य में त्वम्, यानेन और गृहम् ये तीनों पद कारक पद हैं, जबकि 'गच्छसि' ये एकमात्र क्रियापद है । इसी तरह अन्य दोनों वाक्यों में भी 'पठन्ति' और लिखति ये दोनों क्रियापद हैं । बाकी अन्य कारक पद हैं । कारकपदों को संज्ञापद भी कहा जाता है ।

कारक शब्द का अर्थ है-करने वाला । (ऐसी वस्तु जिसका क्रिया को पूरी करने में काम पड़े ।) क्रिया को जन्म देने वाले पदार्थ-वस्तुओं को कारक कहा जाता है । इस प्रकार के कारकों की संख्या छः है । जैसे - कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण । ये सभी कारक क्रिया के उत्पन्न होने में अधिकतर सहायक सिद्ध होते हैं । निम्नवत् चित्र के आधार पर इस बात को सहजता से समझा जा सकता है ।



उपर्युक्त चित्र में 'लिख्' (लिखना) क्रियापद के भिन्न-भिन्न छः कारकों का एक साथ प्रयोग किया गया है । इन छः कारकों से सम्बन्धित पद वाक्य में कभी-कभी प्रयुक्त होते हैं । जैसे - छात्रः इस कर्ता के साथ 'गुरुकुलस्य' सम्बन्ध वाचक पद भी आ सकता है । इस प्रकार 'उत्तराणि' कर्म के साथ प्रश्नस्य लेखिन्या करण के साथ काष्ठस्य जैसे सम्बन्ध सूचक पद का प्रयोग भी किया जा सकता है । इस प्रकार अन्य कारकों के संदर्भ भी समझने चाहिए । नीचे के चित्र के आधार पर इस बात को सहजता से समझा जा सकता है ।



अतः संस्कृत भाषा में सरल से सरल वाक्य की रचना इस प्रकार हो सकती है । उपर्युक्त सभी पदों को योग्य क्रम में लिखेंगे । तो वाक्य इस प्रकार बनेगा । गुरुकुलस्य छात्रः काष्ठस्य लेखिन्या संस्कृतस्य ज्ञानाय मित्रस्य पुस्तकात् तस्य वर्गखण्डे प्रश्नानाम् उत्तराणि लिखति । (गुरुकुल का छात्र लकड़ी की लेखिनी से संस्कृत भाषा के ज्ञान के लिए मित्र के पुस्तक में से अपनी कक्षा में प्रश्नों के उत्तर लिख रहा है ।) सम्पूर्ण वाक्य में भिन्न-भिन्न छः कारक और उन सभी (कारकों) के साथ एक-एक सम्बन्ध वाचक पद का उपयोग किया गया है ।

तदुपरान्त वाक्य में सम्बोधन पदों का भी प्रयोग किया होता है । जैसे – हे गुरो ! गुरुकुलस्य छात्रः .... उत्तराणि लिखति । (किसी व्यक्ति को अपनी ओर अभिमुख करने के लिए जिस पद का उपयोग किया जाता है, उसे सम्बोधन पद कहा जाता है । सम्बोधन पद के रूप प्रथमा विभक्ति के रूपों के अनुरूप होते हैं । मात्र एक वचन का रुप थोड़ा भिन्न होता है ।)

यहाँ आप देख सकते हैं उपर्युक्त वाक्य में कर्ता इत्यादि कारक से कहने के लिए मूल संज्ञा पद के साथ (हिन्दी भाषा में प्रयुक्त होता है ठीक उसी तरह संस्कृत भाषा में भी) कुछ अन्य ध्वनियों का भी प्रयोग किया गया है । यथा: छात्रः (छात्र + :) उत्तराणि (उत्तर + आणि) इत्यादि । ये जो अतिरिक्त ध्वनियों का उपयोग किया जाता है, उन्हें विभक्ति के नाम से जाना जाता है । इन विभक्ति प्रत्ययों का प्रयोग अलग-अलग कारकों का अर्थ बताने के लिए किया जाता है । (हिन्दी भाषा में जिस कारक का अर्थ बताने के लिए जिस विभक्ति प्रत्ययों का उपयोग किया जाता है, उसकी समझ निम्नवत कोष्ठक के आधार पर प्राप्त कीजिए । इस कोष्ठक के आधार पर संस्कृत भाषा के कारकों तथा विभक्ति प्रत्ययों को समझा जा सकता है ।

विभक्ति, कारक और उसके लिए हिन्दी भाषा में उपयोग किए जाने वाले प्रत्यय

विभक्ति	कारक	हिन्दी भाषा में उपयोग किये जाने वाले प्रत्यय
प्रथमा	कर्ता	० (शून्य)/ने
द्वितीया	कर्म	० (शून्य)/को
तृतीया	करण	से
चतुर्थी	सम्प्रदान	के लिए
पंचमी	अपादान	से (अलग होने का संदर्भ)
षष्ठी	संबंध	का, की, के
सप्तमी	अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	सम्बोधन	हे, हो, अरे

एक ही वस्तु किसी एक क्रिया के लिए अथवा विभिन्न क्रियाओं के अनुसंधान में अलग-अलग कारक के रूप में काम कर सकते हैं । जैसे नाम (संज्ञा) अलग-अलग क्रिया के अनुसंधान में कहीं कर्ताकारक तो कहीं कर्म कारक के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है । यथा -

(1) पुस्तकम् अस्ति ।

(2) छात्रः पुस्तकम् पठति ।

(3) पुस्तकेन ज्ञानं भवति ।

(4) पुस्तकाय स्थानम् अस्ति ।

(5) पुस्तकात् श्लोकम् लिखति ।

(6) पुस्तकस्य नाम रामायणम् अस्ति ।

(7) पुस्तके अष्टौ अध्यायाः सन्ति ।

उपर्युक्त वाक्यों में 'पुस्तक' संज्ञापद का प्रयोग भिन्न-भिन्न संदर्भ में किया गया है । अतः इस प्रकार के विविध रूप सहजता से ध्यान में रहें इसलिए संस्कृत में निम्नलिखित रूपावली प्रचलित है ।

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमा विभक्तिः	देवः	देवौ	देवाः
द्वितीया विभक्तिः	देवम्	देवौ	देवान्
तृतीया विभक्तिः	देवेन	देवाभ्याम्	देवैः
चतुर्थी विभक्तिः	देवाय	देवाभ्याम्	देवेभ्यः
पञ्चमी विभक्तिः	देवात्	देवाभ्याम्	देवेभ्यः
षष्ठी विभक्तिः	देवस्य	देवयोः	देवानाम्
सप्तमी विभक्तिः	देवे	देवयोः	देवेषु

इस प्रकार प्रत्येक संज्ञा पद की सात विभक्तियाँ और तीन वचन कुल मिलाकर 21 रूप बनते हैं । परन्तु

(1) बालिका हस्तेन श्लोकं लिखति ।

(2) पाचकः अग्निना ओदनं पचति ।

(3) देवगणः मेधया मेधाविनं करोति ।

उपर्युक्त वाक्यों में कर्ताकारक प्रथमा विभक्ति में, करण कारक तृतीया विभक्ति में और कर्मकारक द्वितीया विभक्ति में समान रूप से प्रयुक्त किये गए हैं । अत: यहाँ कारक और विभक्ति समान है, फिर भी प्रत्येक संज्ञा पद के रूपों में थोड़ा अन्तर दिखाई देता है । जैसे बालिका, पाचक:, देवगण: । ये तीनों रूप प्रथमा एकवचन के हैं । ध्यान से देखने पर पता चलता है कि 'बालिका' संज्ञा पद के पीछे विसर्ग (:) नहीं लगया गया है जबकि पाचक और देवगण इन दोनों संज्ञाओं के पीछे विसर्ग (:) का प्रयोग किया गया है । इसी प्रकार हस्तेन, अग्निना, मेघया ये तीनों तृतीया एक वचन के रूप हैं परन्तु हस्त संज्ञा के साथ एन, अग्नि संज्ञा के साथ ना तथा मेघा संज्ञा के साथ या ध्वनि जुड़ी हुई है । ये ध्वनियाँ वास्तव में विभक्ति प्रत्यय हैं । किस संज्ञा पद के साथ किस प्रकार के विभक्ति प्रत्यय जुड़ते हैं, उनका भी अभ्यास किया जाएगा । इस प्रकार के अभ्यास के लिए नीचे दिये गए कुछ बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए । जैसे :

(1) प्रत्येक संज्ञा पद के अन्तिम वर्ण के आधार पर ही उस संज्ञा को पहचाना जाता है । उदाहरण: वेद (व् ए द् अ) इस संज्ञा पद के अन्त में 'अ' आता है अत: इसे 'सुकारान्त', अग्नि संज्ञापद के अन्त में 'इ' आता है अत: इसे 'इकारान्त', गुरु संज्ञा पद के अन्त में 'उ' आता है अत: इसे उकारान्त संज्ञापद कहा जाता है । इस प्रकार अन्य संज्ञाओं के अन्त में आने वाले वर्ण के आधार इन्हें पहचाना जाता है ।

(2) उपर्युक्त अनुसार संज्ञा पद की पहचान करने के पश्चात् ये संज्ञापद पुल्लिंग हैं, स्त्रीलिंग हैं या नपुंसकलिंग है ये जानना जरूरी है । जैसे: 'अग्नि' संज्ञापद इकारान्त है और पुल्लिंग है । अत: अग्नि संज्ञापद को इकारान्त पुल्लिंग रूप में जाना जाएगा ।

इस प्रकार पद के अन्त में आने वाले वर्ण और लिंग की पहचान हो जाने के पश्चात् उनके आधार पर संज्ञा पदों के साथ जुड़ने वाली सातों विभक्तियों के विविध रूपों को सरलता से जाना जा सकता है । इन विभक्तियों के विविध रूप सरलता से याद रहे इस लिए संस्कृत भाषा में नीचे दी गई रूपावली प्रचलित हुई । इस रूपावली के आधार पर कौन सी विभक्ति में किस संज्ञा पद का क्या रूप बनेगा, ये सरलता से समझा और याद रखा जा सकता है । नीचे दिये गए कोष्ठक को देखिए :

(पाठ्यक्रम में आपको अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त पुं., आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त स्त्री. तथा आकारान्त, नपुं. इतने रूपों को सीखना है । अत: यहाँ नीचे कुछ रूप दिये जा रहे हैं ।)

(1) जन - (अकारान्त-पुल्लिङ्गशब्द)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा विभक्ति	जन: व्यक्ति	जनौ दो व्यक्ति	जना: बहुत से व्यक्ति
द्वितीया विभक्ति	जनम् व्यक्ति को	जनौ दो व्यक्ति को	जनान् (बहुत सारे) व्यक्तियों को
तृतीया विभक्ति	जनेन व्यक्ति से	जनाभ्याम् दो व्यक्तियों से	जनै: (बहुत सारे) व्यक्तियों से
चतुर्थी विभक्ति	जनाय व्यक्ति के लिए	जनाभ्याम् दो व्यक्तियों के लिए	जनेभ्य: (बहुत सारे) व्यक्तियों के लिए
पंचमी विभक्ति	जनात् व्यक्ति से	जनाभ्याम् दो व्यक्तियों से	जनेभ्य: (बहुत सारे) व्यक्तियों से
षष्ठी विभक्ति	जनस्य व्यक्ति का, के, की	जनयो: दो व्यक्तियों का, के, की	जनानाम् (बहुत सारे) व्यक्तियों का, के की
सप्तमी विभक्ति	जने व्यक्ति में, पर	जनयो: दो व्यक्तियों में	जनेषु (बहुत सारे) व्यक्तियों में
सम्बोधन	हे जन हे व्यक्ति !	हे जनौ हे दो व्यक्तियो !	हे जना: हो (बहुत सारे) व्यक्तियो !

(2) मुनि - (इकारान्त-पुल्लिङ्गशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	मुनिः	मुनी	मुनयः
द्वितीया	मुनिम्	मुनी	मुनीन्
तृतीया	मुनिना	मुनिभ्याम्	मुनिभिः
चतुर्थी	मुनये	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
पंचमी	मुनेः	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
षष्ठी	मुनेः	मुनयोः	मुनीनाम्
सप्तमी	मुनौ	मुनयोः	मुनिषु
सम्बोधन	हे मुने	हे मुनी	हे मुनयः

इस प्रकार निधि (कोष), पदाति (पदयात्रा), हरि (विष्णु) (नृपति) राजा इत्यादि संज्ञा पदों के रूप इस प्रकार ही चलेंगे ।

(3) भानु - (उकारान्त-पुंल्लिङ्गशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	भानुः	भानू	भानवः
द्वितीया	भानुम्	भानू	भानून्
तृतीया	भानुना	भानुभ्याम्	भानुभिः
चतुर्थी	भानवे	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
पंचमी	भानोः	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
षष्ठी	भानोः	भान्वोः	भानूनाम्
सप्तमी	भानौ	भान्वोः	भानुषु
सम्बोधन	हे भानो	हे भानू	हे भानवः

अतः गुरु (शिक्षक) साधु (सज्जन, भला) पशु (पशु) वायु (हवा) बन्धु (भाई) इत्यादि संज्ञाओं के रूप इस प्रकार ही चलेंगे ।

(4) लता - (आकारान्त-स्त्रीलिंगशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	लता	लते	लताः
द्वितीया	लताम्	लते	लताः
तृतीया	लतया	लताभ्याम्	लताभिः
चतुर्थी	लतायै	लताभ्याम्	लताभ्यः
पंचमी	लतायाः	लताभ्याम्	लताभ्यः
षष्ठी	लतायाः	लतयोः	लतानाम्
सप्तमी	लतायाम्	लतयोः	लतासु
सम्बोधन	हे लते	हे लते	हे लताः

अतः मक्षिका (मक्खी), विक्रया (विकार), साधिका (कार्य सिद्ध करने वाली), मनोदशा (मन की दशा) मुद्रिका (अंगूठी) इत्यादि संज्ञाओं के रूप इस प्रकार ही चलेंगे ।

(5) भूमि - (इकारान्त-स्त्रीलिंगशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	भूमिः	भूमी	भूमयः
द्वितीया	भूमिम्	भूमी	भूमीः
तृतीया	भूम्या	भूमिभ्याम्	भूमिभिः
चतुर्थी	भूम्यै, भूमये	भूमिभ्याम्	भूमिभ्यः
पंचमी	भूम्याः, भूमेः	भूमिभ्याम्	भूमिभ्यः
षष्ठी	भूम्याः, भूमेः	भूम्योः	भूमीनाम्
सप्तमी	भूम्याम्, भूमौ	भूम्योः	भूमिषु
सम्बोधन	हे भूमे	हे भूमी	हे भूमयः

अतः वृष्टि (बरसात), संहति (संगठन), हानि (नुक्सान) इत्यादि संज्ञाओं के रूप इस प्रकार ही चलेंगे ।

(6) नदी - (ईकारान्त स्त्रीलिंगशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वितीया	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृतीया	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
चतुर्थी	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पंचमी	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
षष्ठी	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
सप्तमी	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सम्बोधन	हे नदि	हे नद्यौ	हे नद्यः

तदनुसार शताब्दी (सौ वर्ष, सदी), तादृशी (समान), अङ्गुली (अंगुली) इत्यादि संज्ञा पदों के रूप भी चलेंगे ।

(7) धेनु - (उकारान्त स्त्रीलिंगशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	धेनुः	धेनू	धेनवः
द्वितीया	धेनुम्	धेनू	धेनूः
तृतीया	धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः
चतुर्थी	धेन्वै, धेनवे	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
पंचमी	धेन्वाः, धेनोः	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
षष्ठी	धेन्वाः, धेनोः	धेन्वोः	धेनूनाम्
सप्तमी	धेन्वाम्, धेनौ	धेन्वोः	धेनुषु
सम्बोधन	हे धेनो	हे धेनू	हे धेनवः

इसी तरह तनु (शरीर), रज्जु (रस्सी), रेणु (धूल) इत्यादि के रूप चलेंगे ।

(8) फल - (अकारान्त नपुंसकलिंगशब्दः)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	फलम्	फले	फलानि
द्वितीया	फलम्	फले	फलानि
तृतीया	फलेन	फलाभ्याम्	फलैः
चतुर्थी	फलाय	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
पंचमी	फलात्	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
षष्ठी	फलस्य	फलयोः	फलानाम्
सप्तमी	फले	फलयोः	फलेषु
सम्बोधन	हे फल	हे फले	हे फलानि

उपर्युक्त रूपों का आश्रय लेकर हिन्दी भाषा में दिए गए कुछ वाक्यों का संस्कृत भाषा में अनुवाद करने का प्रयास करेंगे ।

वाक्य में दिए गए अंक उन विभक्तियों को सूचित करते हैं । तदनुसार विभक्तियों का उपयोग करते हुए अनुवाद कीजिए ।

(1) बालक (1) दूध (2) पीता है ।

(2) कुंभार (1) हाथ से (3) काम (2) करता है, मशीन से (3) नहीं ।

(3) दीपावली के (6) दिन (7) बड़ा भाई (1) छोटे भाई को (4) भेंट (2) देता है ।

(4) मनुष्य (1) आँखों से (3) देखता है और पैर से (3) चलता है ।

(5) घर में (7) मैं (1) और मेरे (6) माता-पिता (2) रहते हैं ।

(6) आम के (6) वृक्ष ऊपर (7) आम (1) आते हैं ।

(7) आकाश से (5) पानी (1) बरसता है और पृथ्वी में (7) उतरता है ।

(8) कालिदास (1) उपमा अलंकार के (6) कवि (1) हैं ।

(9) पाणिनि व्याकरण के (6) सूत्र (1) भाषा के (6) नियम (2) सूचित करते हैं ।

(10) तिल में (7) तेल (1) दूध में (7) मक्खन (1) तथा संसार में (7) ईश्वर (1) होते हैं ।

सर्वनाम

वाक्य में कभी संज्ञापद के स्थान पर सर्वनाम पद का उपयोग किया जाता है । संस्कृत भाषा में इस प्रकार के सर्वनाम पदों की संख्या बहुत है परन्तु उनमें से सुनिश्चित किए गए मात्र निम्नलिखित सर्वनाम पदों और उनके रूपों का परिचय प्राप्त करेंगे :

अस्मद् (मैं)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वितीया	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृतीया	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
चतुर्थी	मह्यम्, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम्, नः
पंचमी	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
षष्ठी	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्, नः
सप्तमी	मयि	आवयोः	अस्मासु

युष्मद् (तुम)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वितीया	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृतीया	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः
पंचमी	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
षष्ठी	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
सप्तमी	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

ये दोनों सर्वनाम-पदों के रूप तीनों लिंगों में समान रहते हैं । सर्वनाम पदों में सम्बोधन नहीं होता है ।

तद् (वह) पुल्लिंग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सः	तौ	ते
द्वितीया	तम्	तौ	तान्
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पंचमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

तद् (वह) स्त्रीलिंग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सा	ते	ताः
द्वितीया	ताम्	ते	ताः
तृतीया	तया	ताभ्याम्	ताभिः
चतुर्थी	तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः
पंचमी	तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः
षष्ठी	तस्याः	तयोः	तासाम्
सप्तमी	तस्याम्	तयोः	तासु

तद् (वह) नपुंसकलिंग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	तत्	ते	तानि
द्वितीया	तत्	ते	तानि
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पंचमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

इस प्रकार यद् (जो), एतद् (यह), किम् (कौन या क्या) के रूप तीनों लिंगों में अलग-अलग चलते हैं ।

स्वाध्याय

1. समुचितेन रूपेण रिक्तस्थानानां पूर्तिः विधेया ।

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
(1)	.....	.....	देवाः
(2)	शालया	.....	.....
(3)	.....	.....	वृक्षेषु
(4)	कवेः	.....	.....
(5)	.....	.....	शक्तीनाम्
(6)	जनन्यै	.....	.....
(7)	.....	.....	भानून्
(8)	अग्निम्	.....	.....
(9)	.....	हे देव्यौ	.....

2. निर्देशानुसारं शब्दरूपाणि चिनुत ।

(1) तृतीया–एकवचनम् ।

(क) ज्ञानेन (ख) ज्ञाने (ग) ज्ञानाभ्याम् (घ) ज्ञानात्

(2) सप्तमी–द्विवचनम् ।

(क) हस्तानाम् (ख) हस्तौ (ग) हस्तयोः (घ) हस्तेन

(3) षष्ठी–द्विवचनम् ।

(क) देव्योः (ख) देव्यौ (ग) देवीभ्याम् (घ) देवीः

(4) प्रथमा–बहुवचनम् ।

(क) भक्ती (ख) नद्याः (ग) शक्तयः (घ) वनैः

(5) द्वितीया–द्विवचनम् ।

(क) भानौ (ख) मुनी (ग) भूमौ (घ) नदी

3. अधोलिखितानां पदानां विभक्तिः वचनं च लिखत ।

(1) उद्यमेन (2) देवान् (3) संसारे (4) छात्राणाम्

(5) हिमालयात् (6) देशेषु (7) छायायाम् (8) ऋषिभिः

(9) पङ्क्तौ (10) मालया

4. अर्थम् आधृत्य कोष्ठकात् योग्यं शब्दरूपं चिनुत ।

(1) विश्व में

(क) विश्वात् (ख) विश्वेन (ग) विश्वे (घ) विश्वम्

(2) वचन के द्वारा

(क) उक्तिभ्यः (ख) उक्तिः (ग) उक्त्या (घ) उक्तिभिः

(3) दो खेतों में से

(क) क्षेत्रात् (ख) क्षेत्रेण (ग) क्षेत्राभ्याम् (घ) क्षेत्रस्य

(4) राज्यों का (प्रदेश का)

(क) राज्यस्य (ख) राज्यानाम् (ग) राज्येषु (घ) राज्यैः

(5) विद्या का

(क) विद्याम् (ख) विद्यायाः (ग) विद्या (घ) विद्यया

5. कोष्ठकात् समुचितं रूपं चित्वा रिक्तस्थानं पूरयत ।

(1) ..... पुस्तकालये पठति । (छात्राः, छात्रौ, छात्रः)

(2) ..... क्रीडांगणे खेलतः । (क्रीडकः, क्रीडकाः, क्रीडकौ)

(3) ..... गुरुं नमामि । (त्वम्, अहम्, वयम्)

(4) ..... दर्शनाय गच्छन्ति । (भक्ताः, भक्तौ, भक्तः)

(5) ..... सरस्वतीं वन्दामहे । (आवाम्, वयम्, अहम्)

(6) ..... वने अवसन् । (मुनयः, मुनिः, मुनी)

(7) ..... राजकुलं सेवन्ते । (पण्डितः, पण्डितौ, पण्डिताः)

(8) ..... किं लिखति । (त्वम्, अहम्, सः)

6. कोष्ठकस्य मूल शब्दम् आधृत्य रिक्तस्थानं पूरयत ।

(1) शीतलेन ..... सन्तोषः भवति । (जल)

(2) पाण्डवाः ..... अवसन् । (विराटनगर)

(3) ..... कार्याणि सिद्ध्यन्ति । (उद्यम)

(4) वयं ..... सेवकाः स्मः । (राष्ट्र)

(5) शिवस्य ..... चन्द्रः विभाति । (मस्तक)

(6) विद्यया ..... भवति । (सुख)

(7) ..... वचनं पालनीयम् । (ज्येष्ठ)

(8) गुरोः ..... व्रजामि । (शरण)

(9) ..... हस्ते पद्मानि । (गुरु)

(10) वृक्षाः ..... भवन्ति । (भूमि)

अभ्यास 3 : क्रियापदानि

(1) वर्तमान काल : (लट्लकारः) कक्षा आठ में तथा आगे के पुनरावर्तन पाठ में आप वर्तमानकाल के क्रियापदों के विषय में सीख चुके हैं । उसी के संदर्भ में यहाँ एक विशेष बात पर आपको सविशेष ध्यान देना है । जैसे :

(1) अधीशः पठति ।

(2) तोषा नृत्यति ।

(3) त्रीशा लिखति ।

(4) हार्दी पूजयति ।

उपर्युक्त सभी वाक्यों में वर्तमानकाल के क्रियापदों का उपयोग किया गया है । प्रत्येक क्रियापद के अन्त में आने वाला 'ति' प्रत्यय एक समान है । परन्तु धातु और 'ति' प्रत्यय के मध्य आने वाले वर्ण (ध्वनियाँ) अलग-अलग हैं जैसे : पठति शब्द में पठ् + अ + ति इस प्रकार 'अ' वर्ण आया है । जबकि नृत्यति शब्द में नृत् - य - ति इस प्रकार 'य' वर्ण आया है । इसी तरह लिखित शब्द में लिख् - अ - ति इस प्रकार 'अ' वर्ण आया है । पूजयति शब्द में पूज् - अय - ति में 'अय' ध्वनि आई है । इस प्रकार बीच में आने वाले वर्ण ध्वनियों को 'विकरण' प्रत्यय कहा जाता है । ये विकरण धातु के गण के अनुसार होने के कारण अलग-अलग हैं । संस्कृत भाषा में जितनी धातुएँ हैं उन सभी धातुओं को दस गणों में विभाजित किया गया है । इन सभी गणों के विकरण प्रत्यय अलग-अलग हैं । यहाँ आप पहला, चौथा, छठा और दसवाँ गण अर्थात् कुल चार गणों के धातुओं को ध्यान में रखना है । जैसे - पहले गण का विकरण प्रत्यय 'अ', चौथे गण का 'य', छठे गण का 'अ' और दसवें गण का विकरण प्रत्यय 'अय' है ।

इस प्रकार पता चलता है कि :

(1) प्रत्येक धातु को जब क्रियापद के रूप में प्रयुक्त किया जाता है, तब इन धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़े जाते हैं ।

(2) जब प्रत्यय जोड़े जाते हैं, तब काल, धातु का गण, पुरुष और वचन इन चार बातों का ध्यान रखा जाता है ।

अब निम्नलिखित अन्य कुछ वाक्यों को पढ़िए :

(1) विद्यया सुखं लभते ।

(2) बालकः हस्तेन खादति ।

(3) शिशुः मातरं वन्दते ।

इन वाक्यों में जिन क्रियापदों का उपयोग किया गया है, वे सभी वर्तमानकाल, अन्य पुरुष और एकवचन के हैं । इन सभी क्रियापदों में विद्यमान धातुएँ प्रथम गण की हैं । फिर भी पहले और तीसरे वाक्य में आने वाले क्रियापदों के अन्त में 'ते' प्रत्यय है और दूसरे वाक्य में प्रयुक्त क्रियापद के अन्त में

'ति' प्रत्यय परस्मैपद का है । जो 'ते' प्रत्यय है वह आत्मनेपद का है । कुछ धातुओं में परस्मैपद के प्रत्यय लगते हैं तो कुछ धातुओं में आत्मनेपद के प्रत्यय लगते हैं । जिन धातुओं में परस्मैपद के प्रत्यय लगते हैं, उन्हें परस्मैपदी धातु और आत्मनेपद के प्रत्यय जिन धातुओं में लगते हैं, उन धातुओं को आत्मनेपदी धातु के रूप में पहचाना जाता है । कुछ धातुओं में आत्मनेपद तथा परस्मैपद दोनों प्रकार के प्रत्यय लगाए जाते हैं । अत: इस प्रकार की धातुओं को उभयपद धातु कहते हैं ।

इस प्रकार प्रत्येक वर्तमान काल के क्रियापदों में यदि धातु परस्मैपदी हो, तो उसमें परस्मैपदी के प्रत्यय और यदि धातु आत्मनेपदी हो तो आत्मनेपदी के प्रत्ययों को जोड़ा जाता है । परस्मैपदी और आत्मनेपदी के मूल प्रत्यय निम्नलिखित हैं :

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	मि	व:	म:
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	सि	थ:	थ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	ति	त:	अन्ति

वर्तमानकाल (आत्मनेपद) के प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	इ	वहे	महे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	से	इथे	ध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	ते	इते	अन्ते

सार रूप, वर्तमानकाल के क्रियापद में धातु + विकरण प्रत्यय + मूल प्रत्यय इस प्रकार कुल तीन भाग होते हैं । अत: जब आप किसी धातु पर से वर्तमानकाल के क्रियापद बनाएँ तब आप सर्व प्रथम धातु लेंगे तदुपरान्त धातु जिस गण का है, उसके अनुसार विकरण प्रत्यय जोड़ेंगे और अन्त में वक्ता की इच्छा के अनुसार पुरुष और वचन के (यदि परस्मैपदी धातु हो तो परस्मैपदी प्रत्यय और यदि आत्मनेपदी धातु है तो आत्मनेपद के प्रत्यय) मूल प्रत्यय जोड़े जायेंगे । इस प्रकार बनाए गए कुछ क्रियापदों के रूप नीचे दिये गए हैं :

(जिन सुनिश्चित धातुओं के विषय में अभ्यास करना है वे निम्नलिखित है । (गण 1) (परस्मै.) पठ्, हस्, चल्, खेल्, खाद्, पा-पिब्, गम्-गच्छ्, भू-भव्, दृश्-पश्य्, स्था-तिष्ठ्, वस् (आत्मने.), लभ्, भाष्, रम्, वन्द्, मुद्, शुभ् (गण 4) नृत्, कुप्, नश्, क्रुध्, द्रुह् (आत्मने.), विद्, बुध्, मन्, युध्, (गण 6) लिख्, प्र-विश् (आत्मने.), मिल्, मुच्, विद्, प्र + क्षिप् (गण 10) कथ्, गण्, रच्, स्पृह्, पूज्)

'पठ्' पढ़ना (प्रथम गण)

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	पठामि	पठावः	पठामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	पठसि	पठथः	पठथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	पठति	पठतः	पठन्ति

'लभ्' प्राप्त करना (प्रथम गण)

वर्तमानकाल (आत्मनेपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	लभे	लभावहे	लभामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	लभसे	लभेथे	लभध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	लभते	लभेते	लभन्ते

'नृत्' नृत्य करना (चतुर्थ गण)

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	नृत्यामि	नृत्यावः	नृत्यामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	नृत्यसि	नृत्यथः	नृत्यथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	नृत्यति	नृत्यतः	नृत्यन्ति

'विद्' होना (चतुर्थ गण)

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	विद्ये	विद्यावहे	विद्यामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	विद्यसे	विद्येथे	विद्यध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	विद्यते	विद्येते	विद्यन्ते

'लिख्' लिखना (छट्ठा गण)

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	लिखामि	लिखावः	लिखामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	लिखसि	लिखथः	लिखथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	लिखति	लिखतः	लिखन्ति

'मिल्' मिलना (छट्ठा गण)

वर्तमानकाल (आत्मनेपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	मिले	मिलावहे	मिलामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	मिलसे	मिलेथे	मिलध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	मिलते	मिलेते	मिलन्ते

'कथ्' कहना (दसवाँ गण)

वर्तमानकाल (परस्मैपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	कथयामि	कथयावः	कथयामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	कथयसि	कथयथः	कथयथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	कथयति	कथयतः	कथयन्ति

'कथ्' कहना (दसवाँ गण)

वर्तमानकाल (आत्मनेपद) के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	कथये	कथयावहे	कथयामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	कथयसे	कथयेथे	कथयध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	कथयते	कथयेते	कथयन्ते

उपर्युक्त रूपों में से किसी रूप को पहचानना हो, तो धातु, गण, काल, पुरुष और वचन इन पाँच बातों को स्पष्ट करना पड़ता है । जैसे 'पठति' यदि इस क्रियापद को पहचानना है, तो 'पठ्' धातु, प्रथम गण, वर्तमानकाल, अन्य पुरुष और एकवचन इस तरह कुल पाँच बातों को स्पष्ट करना पड़ता है । (भूतकाल और भविष्यकाल के क्रियापदों के रूपों को पहचानने के लिए इन पाँच बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है ।)

(2) ह्यस्तन भूतकाल (लङ्लकारः)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) ऋषिः गुरुकुले अपठत् ।

(2) रामलक्ष्मणौ गुरुकुले अपठताम् ।

(3) सर्वे छात्राः गुरुकुले अपठन् ।

उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त तीन क्रियापद 'पठ्' धातु के हैं । ये सभी क्रियापद ह्यस्तन (अनद्यतन) भूतकाल के हैं । बीते हुए समय को भूतकाल कहते हैं । 'ह्य' अर्थात् भूतकाल । भूतकाल में की गई क्रियाओं के लिए इस प्रकार के क्रियापदों का प्रयोग किया जाता है । इसे 'लङ्' लकार भी कहा जाता है ।

ह्यस्तन भूतकाल (लङ् लकार) के सभी क्रियापदों की धातुओं के आगे 'अ' लगाया जता है, इसे याद रखिए । ('अ' धातु के आगे लगाया जाता है । परन्तु जिस धातु के साथ उपसर्ग जोड़ा जाता है, उसमें उपसर्ग के आगे 'अ' नहीं लगाया जाता, अपितु धातु से पूर्व ही 'अ' लगाया जाता है । जैसे 'अविशत' उपसर्ग विहीन क्रियापद है, परन्तु प्र+अविशत्-प्राविशत् उपसर्ग युक्त क्रियापद है ।) अन्य सभी नियम वर्तमानकाल के रूपों के समान ही रहेंगे । यहाँ सर्व प्रथम ह्यस्तन भूतकाल के परस्मैपदी और आत्मनेपदी के मूल प्रत्यय दिए गए हैं तदुपरान्त चारों गणों के एक-एक धातु के परस्मैपदी तथा आत्मनेपदी के रूप दिए गये हैं ।

ह्यस्तन भूतकाल (परमैपद) के मूल प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अम्	व	म
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	स् (:)	तम्	त
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	त्	ताम्	अन्

ह्यस्तन भूतकाल (आत्मनेपद) के मूल प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	इ (ए)	वहि	महि
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	थास् (:)	इथाम्	ध्वम्
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	त	इताम्	अन्त

(वर्तमानकाल के क्रियापदों के समान ह्यस्तन भूतकाल के क्रियापदों में भी अ + धातु + विकरणप्रत्यय + प्रत्यय इन चारों का समायोजन किया जाता है । जैसे : अ + पठ् + अ + त् - अपठत् । इस प्रकार बनने वाले कुछ अन्य रूप नीचे दिये गए हैं । ह्यस्तन-भूतकाल को अद्यतन भूतकाल भी कहा जाता है, इसका ध्यान रखिए ।)

'पठ्' पढ़ना, (प्रथम गण) ह्यस्तन भूतकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष	अपठम्	अपठाव	अपठाम
प्रथम पुरुष	मैंने पढ़ा ।	हम दोनों ने पढ़ा ।	हमने पढ़ा ।
मध्यमपुरुष	अपठः	अपठतम्	अपठत
मध्यम पुरुष	तुमने पढ़ा ।	तुम दोनों ने पढ़ा ।	तुम सबने पढ़ा ।
अन्यपुरुष	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
अन्य पुरुष	उसने पढ़ा ।	उन दोनों ने पढ़ा ।	उन सबने पढ़ा ।

'लभ्' प्राप्त करना, (प्रथमगण) ह्यस्तन भूतकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अलभे	अलभावहि	अलभामहि
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अलभथाः	अलभेथाम्	अलभध्वम्
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अलभत	अलभेताम्	अलभन्त

'नृत्' नृत्य करना (चतुर्थगण) ह्यस्तन भूतकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अनृत्यम्	अनृत्याव	अनृत्याम
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अनृत्यः	अनृत्यतम्	अनृत्यत
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अनृत्यत्	अनृत्यताम्	अनृत्यन्

'विद्' होना (चतुर्थगण) ह्यस्तन भूतकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अविद्ये	अविद्यावहि	अविद्यामहि
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अविद्यथाः	अविद्येथाम्	अविद्यध्वम्
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अविद्यत	अविद्येताम्	अविद्यन्त

'लिख्' लिखना (षष्ठगण) ह्यस्तन भूतकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अलिखम्	अलिखाव	अलिखाम
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अलिखः	अलिखतम्	अलिखत
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अलिखत्	अलिखताम्	अलिखन्

'मिल्' मिलना (षष्ठगण) ह्यस्तन भूतकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अमिले	अमिलावहि	अमिलामहि
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अमिलथाः	अमिलेथाम्	अमिलध्वम्
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अमिलत	अमिलेताम्	अमिलन्त

'कथ्' कहना (दसमगण) ह्यस्तन भूतकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अकथयम्	अकथयाव	अकथयाम
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अकथयः	अकथयतम्	अकथयत
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अकथयत्	अकथयताम्	अकथयन्

'कथ्' कहना (दसवाँ गण) ह्यस्तन भूतकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	अकथये	अकथयावहि	अकथयामहि
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	अकथयथाः	अकथयेथाम्	अकथयध्वम्
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	अकथयत	अकथयेताम्	अकथयन्त

विशेष : संस्कृत भाषा में भूतकाल की क्रिया को बताने के लिए एक विशेष व्यवस्था भी की गई है । उसके अनुसार वर्तमान काल के क्रियापद के साथ यदि 'स्म' शब्द का प्रयोग किया जाए तो, ये क्रियापद भूतकाल का अर्थ देने लगते हैं । जैसे :

(1) पशुः घासं खादति । (पशु घास खाता है ।)

(2) पशुः घासं खादति स्म । (पशु घास खाता था ।)

आप देख सकते हैं कि दोनों वाक्यों में 'खादति' वर्तमानकाल के क्रियापद समान रूप से प्रयुक्त किए गए हैं । परन्तु जब 'खादति' क्रियापद का प्रयोग 'स्म' के साथ किया गया तो वे भूतकाल का अर्थ देने लगे ।

यदि आप चाहें तो 'व्यासः कथाम् अकथयत् ।' कहने के स्थान पर 'व्यासः कथां कथयति स्म ।' का प्रयोग कर सकते हैं । इसी तरह 'मुनिः भाषते स्म' के स्थान पर 'मुनिः अभाषत् ।' का प्रयोग किया जा सकता है । सभी क्रियापदों के संदर्भ में इस प्रकार की व्यवस्था है, इसे याद रखिए ।

(3) सामान्य भविष्यकाल (लृट्लकारः)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) सः प्रातः दुग्धं पास्यति ।

(2) मयूरः नर्तिष्यति ।

(3) दीपावलिः आगमिष्यति ।

उपर्युक्त वाक्यों में जिन तीन क्रियापदों का प्रयोग किया गया है वे सभी सामान्य भविष्यकाल के हैं । आने वाले समय को भविष्यकाल कहा जाता है । इसे लृट् लकार भी कहा जाता है । सामान्य भविष्यकाल (लृट् लकार) के सभी क्रियापदों की संरचना में निम्नलिखित कुछ बातों को याद रखना आवश्यक है । जैसे:

(1) (सभी गण के) धातु में विकरण प्रत्यय के रूप में 'स्य' लगाया जाता है । (पा–स्य–ति–पास्यति ।)

(2) कुछ धातुओं में प्रयुक्त 'स्य' विकरण के आगे 'इ' लगाया जाता है । (गम्–इ स्य–ति–गमिष्यति ।)

(3) जब 'स्य' विकरण के आगे 'इ' लगाया जाता है, तब 'स्य' में प्रयुक्त (दनत्य) 'स्' (मूर्धन्य) 'ष्' में परिवर्तित हो जाता है । (ऊपर दिए गए दोनों क्रियापदों को देखिए । 'पास्यति' शब्द में 'स्य' के आगे 'इ' नहीं है, अतः यहाँ (दन्त्य) 'स्' का उपयोग किया गया है । परन्तु गमिष्यति शब्द में 'स्य' के आगे 'इ' लगते ही 'ष्' में परिवर्तित हो गया है ।

सामान्य भविष्यकाल के परस्मैपदी और आत्मनेपद के मूल प्रत्यय वर्तमान काल के प्रत्ययों के समान ही हैं । मात्र उपर्युक्त अनुसार धातु के साथ 'स्य' विकरण प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है । अतः यहाँ सामान्य भविष्यकाल के मूल प्रत्ययों को देने की आवश्यकता नहीं है ।

कुछ धातुओं के सामान्य भविष्यकाल के परस्मैपदी और आत्मनेपदी के निम्नलिखित रूप हैं ।

'पठ्' पढ़ना (प्रथम गण) भविष्यकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	पठिष्यामि	पठिष्यावः	पठिष्यामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति

'लभ्' प्राप्त करना (प्रथम गण) भविष्यकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	लप्स्ये	लप्स्यावहे	लप्स्यामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	लप्स्यसे	लप्स्येथे	लप्स्यध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	लप्स्यते	लप्स्येते	लप्स्यन्ते

'नृत्' नृत्य करना (चतुर्थ गण), भविष्यकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	नर्तिष्यामि	नर्तिष्यावः	नर्तिष्यामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	नर्तिष्यसि	नर्तिष्यथः	नर्तिष्यथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	नर्तिष्यति	नर्तिष्यतः	नर्तिष्यन्ति

'विद्' होना (चतुर्थ गण), भविष्यकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	वेत्स्ये	वेत्स्यावहे	वेत्स्यामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	वेत्स्यसे	वेत्स्येथे	वेत्स्यध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	वेत्स्यते	वेत्स्येते	वेत्स्यन्ते

'लिख्' लिखना (षष्ठ गण), भविष्यकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	लेखिष्यामि	लेखिष्यावः	लेखिष्यामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	लेखिष्यसि	लेखिष्यथः	लेखिष्यथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	लेखिष्यति	लेखिष्यतः	लेखिष्यन्ति

'मिल्' प्राप्त करना (षष्ठ गण), भविष्यकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	मेलिष्ये	मेलिष्यावहे	मेलिष्यामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	मेलिष्यसे	मेलिष्येथे	मेलिष्यध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	मेलिष्यते	मेलिष्येते	मेलिष्यन्ते

'कथ्' कहना (दशम् गण), भविष्यकाल, परस्मैपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	कथयिष्यामि	कथयिष्यावः	कथयिष्यामः
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	कथयिष्यसि	कथयिष्यथः	कथयिष्यथ
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	कथयिष्यति	कथयिष्यतः	कथयिष्यन्ति

'कथ्' कहना (दशम गण), भविष्यकाल, आत्मनेपद

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
उत्तमपुरुष (प्रथम पुरुष)	कथयिष्ये	कथयिष्यावहे	कथयिष्यामहे
मध्यमपुरुष (मध्यम पुरुष)	कथयिष्यसे	कथयिष्येथे	कथयिष्यध्वे
अन्यपुरुष (अन्य पुरुष)	कथयिष्यते	कथयिष्येते	कथयिष्यन्ते

स्वाध्याय

1. वर्तमानकालस्य क्रियापदानां स्थाने भूतकालस्य योग्यं क्रियापदं लिखत ।

(1) समीरः जनन्याः समीपं व्रजति वदति च ।

(2) वयं तु मेघजलम् एव पिबामः ।

(3) तडागजलं पातुं गच्छामि ।

(4) तं धनस्यूतं तत्रैव त्यजामि ।

(5) अहं तु कुलाचारं न पालयामि ।

2. भूतकालस्य क्रियापदस्य अनुरूपं भविष्यकालस्य क्रियापदं लिखत ।

(1) तमवलोक्य सः अचिन्तयत् ।

(2) कपोतराजः परिवारेण सह गगने व्यसर्पत् ।

(3) कपोतराजः कपोतान् अकथयत् ।

(4) कश्चित् कपोतः सदर्पमवदत् ।

3. उदाहरणानुसारं रूपस्य परिचयं कारयत ।

उदाहरणम् : भवति । भू धातु, प्रथम गण, परस्मैपद, वर्तमानकाल, अन्य पुरुष, एकवचन

(1) अबोधयत् (2) प्रविशति (3) अपिबत् (4) प्रणमति

(5) वदन्ति (6) गमिष्यामः

4. अधोलिखितेषु वाक्येषु प्रयुक्तस्य स्म-प्रयोगस्य स्थाने ह्यस्तनभूतकालस्य रूपं लिखत ।

(1) छात्राः स्वात्मानं धन्यं मन्यन्ते स्म ।

(2) देशात् जनाः अध्ययनाय आगच्छन्ति स्म ।

(3) गुप्तकाले अत्र वेदाध्ययनमपि प्रचलति स्म ।

(4) पठनं पाठनं च भवति स्म ।

(5) कथाकारः कथां कथयति स्म ।

अभ्यास 4 : कृदन्तपदानि

संबंधक भूतकृदंत और हेत्वर्थकृदंत

(1) संबंधक भूतकृदंत

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए :

(1) विनीता भोजनं कृत्वा विद्यालयं गच्छति ।

(1) विनीता भोजनं करोति, ततः विद्यालयं गच्छति ।

(2) छात्राः सरस्वतीं स्मृत्वा पुराणं पठन्ति ।

(2) छात्राः सरस्वतीं स्मरन्ति तत्पश्चात् पुराणं पठन्ति ।

(3) भक्तः मन्दिरं गत्वा ईश्वरं भजति ।

(3) भक्तः मन्दिरं गच्छति, अनन्तरम् ईश्वरं भजति ।

ऊपर दो-दो प्रकार के वाक्यों को एक साथ दिया गया है । उन वाक्यों में जो रेखांकित पद हैं, वे सभी क्रिया-पद हैं । आप देख सकते हैं कि प्रत्येक वाक्य में दो-दो क्रियापद हैं । परन्तु एक वाक्य जिस अर्थ की अभिव्यक्ति कर रहा है, उसी अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए दूसरे वाक्य का प्रयोग किया गया है । यदि वक्ता चाहे तो एक वाक्य के स्थान पर समान अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए दूसरे वाक्य का प्रयोग कर सकता है । इस प्रकार के वाक्य के संदर्भ में चार बातों को याद रखना आवश्यक है । जैसे :

(1) जो प्रथम क्रियापद है, वह उपक्रिया होती है । वाक्य में जो दूसरा क्रियापद है, वह मुख्य क्रिया होती है ।

(2) दोनों क्रियाओं के कर्ता एक ही हैं ।

(3) मुख्य क्रिया बनने से पूर्व उपक्रिया बन जाती है और ये उपक्रिया सदैव भूतकाल की होती है ।

इस प्रकार की विशेषता से युक्त वाक्य में (पूर्व क्रिया के) उपक्रिया के लिए संस्कृत में (एक तरफ 'करोति' जैसे तिङन्तपद का प्रयोग किया जा सकता है, तो दूसरी ओर) धातु के साथ क्त्वा > त्वा प्रत्यय जुड़ते हैं । इस 'क्त्वा' प्रत्यय को जोड़कर जिस पद की रचना की जाती है उसे संबंधक भूतकृदंत कहा जाता है ।

निम्नलिखित कुछ संबंधक भूतकृदंत रूपों को देखिए :

(1) कृ + क्त्वा > त्वा = कृत्वा ।

(2) भू + क्त्वा > त्वा = भूत्वा ।

(3) पा + क्त्वा > त्वा = पीत्वा ।

(4) खाद् + क्त्वा > त्वा = खादित्वा ।

(5) गम् + क्त्वा > त्वा = गत्वा ।

(6) दा + क्त्वा > त्वा = दत्वा ।

ऊपर के रूपों को देखने से पता चलता है कि (1) कुछ पदों में मूल धातु के साथ क्त्वा > त्वा जोड़े गये हैं । जैसे : कृ + क्त्वा > त्वा = कृत्वा । (2) कभी-कभी क्त्वा > त्वा प्रत्यय से पूर्व 'इ' ध्वनि जोड़ी जाती है । यथा खाद् + क्त्वा > त्वा = खादित्वा । और (3) कभी-कभी धातु के मूल रूप में थोड़ा परिवर्तन भी होता है । जैसे : पा + क्त्वा > त्वा = पीत्वा । गम् + क्त्वा > त्वा = गत्वा इत्यादि ।

तदुपरान्त इस प्रकार के रूपों के लिए एक विशेष बात का ध्यान रखना चाहिए कि जब कोई धातु उपसर्ग के साथ प्रयुक्त हो, तब उस धातु में जुड़े 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'य' का प्रयोग किया जाएगा । यथा-

(1) अनु + भू + क्त्वा > य = अनुभूय ।

(2) वि + कृ + क्त्वा > य = विकृत्य ।

(3) आ + गम् + क्त्वा > य = आगत्य ।

उपर्युक्त रुपों को देखने से पता चलता है कि (1) उपसर्ग के साथ जुड़ी धातु में क्त्वा > य प्रत्यय के रूप मुख्यत: अपने मूल रूप में ही रहते हैं । (2) जिस धातु का अन्तिम वर्ण स्वर हो और ह्रस्व हो, तो उस धातु और क्त्वा प्रत्यय के बीच 'त' ध्वनि का प्रयोग किया जाता है । जैसे, आ + गम् + क्त्वा > य, गम् त् य = आगत्य ।

आगे के पाठों में जहाँ इस प्रकार के पदों का प्रयोग किया गया है उसमें उपर्लिखित नियमों में से किस नियम का प्रयोग किया गया है, उसे ढूँढ़िए और इस प्रकार के अन्य रूपों के विषय में सीखिए ।

(2) हेत्वर्थ कृदंत

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए :

(1) छात्रा: पठनाय विद्यालयं गच्छन्ति ।

(1) छात्रा: पठितुं विद्यालयं गच्छन्ति ।

(2) अशोक: दानाय फलं नयति ।

(2) अशोक: दातुं फलं नयति ।

(3) प्रेक्षक: हसनाय नाटकं पश्यति ।

(3) प्रेक्षक: हसितुं नाटकं पश्यति ।

यहाँ दो प्रकार के वाक्य एक साथ दिए गए हैं । इन वाक्यों में रेखांकित पद क्रियापद हैं । उपर्लिखित वाक्यों के समान इन सभी वाक्यों में भी दो-दो क्रियापद हैं । परन्तु दोनों वाक्यों के अर्थ समान हैं । इसलिए यदि वक्ता चाहे तो एक वाक्य के स्थान पर दूसरे वाक्य का प्रयोग कर सकता है । इस प्रकार के वाक्यों के संदर्भ में तीन बातों को याद रखना अतिआवश्यक है । जैसे :

(1) प्रथम क्रियापद उपक्रिया होती है परन्तु दूसरा क्रियापद मुख्य क्रिया होती है ।

(2) उपक्रिया मुख्य क्रिया का हेतु होती है ।

(3) उपक्रिया और मुख्य क्रिया का कर्ता एक ही होता है ।

ऐसी विशेषतावाले वाक्य में उपक्रिया को बताने की दो रीतियाँ हैं : (1) पठन, दान, हसन 'जैसी क्रियावाचक संज्ञाओं में चतुर्थी जोड़कर और (2) जिस क्रिया के वाचक धातु (जैसे - पठ्, दा, हस् इत्यादि) के साथ तुमुन् > तुम् प्रत्यय लगाकर पद बनाया जाता है । तुमुन् उसे हेत्वर्थ कृदंत कहा जाता है । नीचे दिये गये कुछ हेत्वर्थ कृदंत पदों को देखिए :

(1) पा + तुमुन् > तुम् = पातुम् ।

(2) दा + तुमुन् > तुम् = दातुम् ।

(3) भू + तुमुन् > तुम् = भवितुम् ।

(4) खाद् + तुमुन् > तुम् = खादितुम् ।

(5) कृ + तुमुन् > तुम् = कर्तुम् ।

(6) गम् + तुमुन् > तुम् = गन्तुम् ।

उपर्युक्त पदों के देखने से पता चलता है कि (1) कुछ पदों के मूल धातु में सीधे तुमुन् > तुम् प्रत्यय जोड़ा जाता है । जैसे (1) पा + तुमुन् > तुम् = पातुम् । (2) कभी-कभी इन तुमुन् > तुम् प्रत्यय के आगे 'इ' आगम लगाया जाता है । जैसे खाद् + तुमुन् > तुम् = खादितुम् । और (3) कभी-कभी धातु के मूल रूप में थोड़ा परिवर्तन भी होता है । जैसे कृ + तुमुन् > तुम् = कर्तुम् । गम् + तुमुन् > तुम् = गन्तुम् इत्यादि ।

उपसर्ग के साथ वाली धातुओं में जब तुमुन् > तुम् लगाया जाता है, तब कोई परिवर्तन नहीं होता । जैसे

(1) अनु + भू + तुमुन् > तुम् = अनुभवितुम् ।

(2) वि + कृ + तुमुन् > तुम् = विकर्तुम् ।

(3) आ + गम् + तुमुन् > तुम् = आगन्तुम् ।

पठित पाठों में जहाँ इस प्रकार के पदों का प्रयोग किया गया है, उसमें उपर्युक्त किस नियम का प्रयोग किया गया है, उसे ढूँढ़िए तथा इस प्रकार के अन्य रूपों को सीखिए ।

विशेष : उपर्युक्त दोनों प्रकार के संबंधक भूतकृदंत और हेत्वर्थ कृदंत पद अव्यय होते हैं अत: उनका उपयोग जहाँ भी किया जाता है, वहाँ उनका रूप एक समान ही होता है । उसमें किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं आता है ।

स्वाध्याय

1. अधोलिखितानां कृदन्तपदानां प्रकारं लिखत ।

(1) गत्वा (2) पातुम् (3) रक्षितुम् (4) समागत्य

2. अधोलिखितेषु पदेषु संबंधकभूतकृदन्तपदानां चयनं कुरुत ।

(1) अवलोक्य (2) ज्ञातुम् (3) भूत्वा (4) विहस्य

(5) पराजेतुम्

3. निम्नलिखितानां कृदन्तानां प्रत्ययनिर्देशपूर्वकं प्रकारं लिखत ।

(1) क्षन्तुम् (2) विहाय (3) परित्यज्य (4) गन्तुम्

(5) उपसृत्य (6) गृहीत्वा

4. कोष्टकात् योग्यं पदं चित्वा रेखांकितं पदं परिवर्त्य वाक्यं पुन: लिखत ।

(प्रविश्य, पानाय, आगन्तुम्, अनुभूय, पठितुम्, भूत्वा)

(1) सिद्धार्थ: दु:खम् अनुभवति । संसारं परित्यजति ।

(2) मृग: जलं पातुम् इत: तत: धावति ।

(3) त्रीशा पठनाय विद्यालयं गच्छति ।

(4) शिशव: गृहम् आगमनाय यतन्ते ।

(5) शृगाल: गुहां प्रविशति । शयनं करोति ।

5. अधोलिखितानां पदानां स्थाने योग्यं कृदन्तपदं लिखत ।

(1) पानाय .....

(2) गमनाय .....

(3) दर्शनाय .....

(4) पठनाय .....

(5) लेखनाय .....

अभ्यास 5 : समास-परिचयः

तत्पुरुष और द्वन्द्व समास

संस्कृत भाषा में समास मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं : (1) अव्ययीभाव (2) तत्पुरुष (3) बहुव्रीहि (4) द्वन्द । परन्तु इनमें से आप तत्पुरुष (कर्मधारय सिवाय) और द्वन्द समास के विषय में सीखेंगे ।

समास सीखने से पूर्व समास किसे कहते हैं ? यह जानना जरूरी है । समसनं समासः । समसन अर्थात् संक्षिप्तीकरण (दो या दो से अधिक पद आपस में मिलकर एक हो जाते हैं ।) जैसे, मेघस्य जलम् । इस वाक्य में दो अलग-अलग संज्ञापद हैं परन्तु जब इन्हें समास में बदला जाता है तब 'मेघजलम्' एक संज्ञा पद की रचना होती है । इसी तरह ब्रह्मा च वरुणः च इन्द्रः च रुद्रः च मरुत च । इस वाक्य में एक से ज्यादा संज्ञा पद हैं । इन सभी संज्ञा पदों को समास में परिवर्तित किया जाए तो ब्रह्मा-वरुणेन्द्र-रुद्र-मरुतः तो ये सब मिलकर एक संज्ञापद बन जाते हैं । अतः दो या दो से अधिक पदों का संक्षिप्तिकरण ही समास कहलाता है ।

उदाहरण :

(1) समास सदैव संज्ञापदों का संज्ञापद के साथ होता है ।

(2) अलग-अलग दो या दो से अधिक पदों का समास बन सकता है ।

(3) जब संज्ञापद समास में परिवर्तित हो जाते हैं तब संज्ञापदों से जुड़ी हुई विभक्ति प्रत्ययों का लोप हो जाता है । परन्तु अन्तिम संज्ञापद विभक्ति-प्रत्यय से युक्त होता है ।

(4) अलग-अलग उपयोग किए जाने वाले संज्ञापद और समास हो करके उपयोग किए जाने वाले संज्ञापद का अर्थ समान ही होता है ।

(5) किसी समास (मेघजलम्) को तोड़कर जब उसका पहले का रूप दे देना 'विग्रह' कहलाता है । 'विग्रह' का अर्थ है तोड़ना ।

इस प्रकार समास से सम्बन्धित प्राथमिक समझ प्राप्त करने के पश्चात् अब हम क्रमशः तत्पुरुष और द्वन्द्व समास का परिचय प्राप्त करेंगे ।

(1) तत्पुरुष समास

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) सः दशरथस्य पुत्रः रामः गच्छति ।

(1) सः दशरथपुत्रः रामः गच्छति

यहाँ प्रथम वाक्य में जिन दो संज्ञापदों को रेखांकित किया गया है, उन्हीं संज्ञापदों को दूसरे वाक्य में समास के रूप में प्रयुक्त किया गया है (अर्थात् संक्षिप्त रूप) आप समझ सकते हैं कि प्रथम वाक्य में दशरथस्य और पुत्र दो अलग-अलग संज्ञाएँ हैं, और इनके साथ अलग-अलग विभक्ति प्रत्यय जुड़े हुए हैं । परन्तु दूसरे वाक्य में दोनों संज्ञाएँ मिलकर 'समासिक शब्द' में परिवर्तित हो गई । (दशरथ पुत्रः) इसमें अन्तिम पद में विभक्ति प्रत्यय जुड़ा हुआ है । इसका कारण समास है । ऊपर बताये गए चार समासों में से यह तत्पुरुष समास है । (जिन दो या दो से अधिक शब्दों के बीच में द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी विभक्तियाँ छिपी रहती हैं उनमें तत्पुरुष समास होता है ।) तत्पुरुष समास के पाँच (भेद हैं) प्रकार हैं । (1) विभक्ति तत्पुरुष (2) कर्मधारय तत्पुरुष (3) द्विगु तत्पुरुष (4) उपपद तत्पुरुष और (5) नञ् तत्पुरुष । इन सभी तत्पुरुष समासों में उत्तर पद के अर्थ की प्रधानता रहती है ।

(I) विभक्ति तत्पुरुष : निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) कृषकः मरणासन्नः अस्ति ।

(2) मेघजलं वर्षति ।

(3) गर्वपूर्णा वाणी वर्तते ।

(4) कुलोचितं कर्म अस्ति ।

(5) दशरथपुत्रः गच्छति ।

इन वाक्यों में रेखांकित सभी पद सामासिक पद (समास) हैं । यदि इन सामासिक शब्दों का विग्रह करें तो (मरणासन्नः) मरणम् आसन्नः, (मेघजलम्) मेघस्य जलम्, (गर्वपूर्णाम्) गर्वेण पूर्णा, ताम्, (कुलोचितम्) कुलाय उचितम्, (दशरथपुत्रः) दशरथस्य पुत्रः दो पद प्राप्त होते हैं विग्रह किए गए सभी पदों को आप ध्यान से देखिए । आपको पता चलेगा कि –

(1) विग्रह किए गए दो पदों में (प्रथम पद) जो पूर्वपद है, उनमें अलग-अलग विभक्तियों का प्रयोग किया गया है ।

(2) परन्तु उत्तर पद (दूसरे पद) में एक समान प्रथमा विभक्ति का प्रयोग किया गया है ।

इस प्रकार पूर्व पद में द्वितीया इत्यादि विभक्तियों का परन्तु उत्तरपद में प्रथमा विभक्ति का उपयोग किया जाता है । इन पदों से बने समास को **'विभक्ति तत्पुरुष'** समास कहा जाता है । उपर्युक्त सभी उदाहरण विभक्ति तत्पुरुष समास के हैं ।

विभक्ति तत्पुरुष समास के विग्रह वाक्य में पूर्वपद से जो विभक्ति जुड़ी होती है, उस विभक्ति के आधार पर ही उस समास को पहाचाना जाता है । जैसे : मरणम् आसन्नः = मरणासन्नः । यही मरणम् प्रथम पद द्वितिया विभक्ति का है अतः इस तत्पुरुष समास को 'द्वितिया तत्पुरुष' के नाम से जाना जाता है । इस प्रकार यदि पूर्वपद में तृतीया विभक्ति हो (जैसे गर्वेण पूर्णा = गर्वपूर्णा), तो ये समास तृतीया तत्पुरुष, चतुर्थी विभक्ति हो तो (कुलाय उचितम् = कुलोचितम्) चतुर्थी तत्पुरुष, यदि पूर्व पद में पंचमी विभक्ति (जैसे – चोरात् भयम् = चोरभयम्) है तो पञ्चमी तत्पुरुष, षष्ठी विभक्ति है (दशरथस्य पुत्रः = दशरथपुत्रः) तो षष्ठी तत्पुरुष और यदि पूर्वपद सप्तमी विभक्ति (जैसे – वचने कुशलः = वचनकुशलः) में है तो सप्तमी तत्पुरुष कहा जाएगा ।

उस प्रकार विभक्ति तत्पुरुष के द्वितीया तत्पुरुष, तृतीया तत्पुरुष, चतुर्थी तत्पुरुष, पञ्चमी तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष और सप्तमी तत्पुरुष कुल छः प्रकार होते हैं ।

(II) उपपद तत्पुरुष समास : निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) रोगः दोषात् जायते ।

(2) रोगः दोषजः (भवति) ।

यहाँ प्रथम वाक्य में दोषात् जायते दो पदों का उपयोग किया गया है । इसमें प्रथम पद संज्ञापद है, जबकि (दूसरा पद) उत्तरपद क्रियापद है । दोनों पद दूसरे वाक्य में (सामासिक शब्द) समास बनकर 'दोषजः' के रूप में प्रयुक्त हुआ है । आप देख सकते हैं कि मूल में स्थित 'जायते' क्रियापद समास में 'जः' के रूप में प्रयुक्त हुआ है । इस प्रकार के समास को उपपद तत्पुरुष समास कहा जाता है ।

(III) नञ् तत्पुरुष समास : निम्नलिखित प्रयोगों को ध्यान से पढ़िए :

(1) अधर्मः । (2) असत्यम् ।

ऊपर दिए गए उदाहरण भी तत्पुरुष समास के हैं । यदि अधर्म का विग्रह किया जाए तो न धर्मः = अधर्मः, असत्यम् पद का विग्रह न सत्यम् = असत्यम् होता है । समास बनने के पश्चात् पूर्व पद के रूप में प्रयुक्त 'न' पद में से 'न्' का लोप हो जाता है फिर मात्र 'अ' बाकी रह जाता है । परन्तु यदि उत्तर पद किसी स्वर से प्रारम्भ हो, तो वहाँ 'न' पद में से 'न्' का लोप होते ही 'अ' शेष रह जाता है । उसके बाद 'न्' लगाया जाता है । सहजता के लिए ऐसा भी कहा जा सकता है कि स्वर से प्रारम्भ होने वाले पदों के पूर्व 'अन्' लगाया जाता है । जैसे न उचितम् = अनुचितम् और न आगतम् = अनागतम् । इस प्रकार

के समास को नञ् तत्पुरुष समास कहा जाता है । (जब तत्पुरुष समास में प्रथम शब्द 'न' रहे और दूसरा पद कोई संज्ञा या विशेषण पद रहे तो उसे नञ् तत्पुरुष कहा जाता है । 'न' व्यंजन से पूर्व 'अ' में और स्वर के पूर्व 'अन्' में बदल जाता है । 'न' शब्द एक प्रकार का विशेषण है ।)

(2) द्वन्द्व समास

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) वरुणेन्द्र-रुद्र-मरुतः स्तुन्वन्ति ।

(2) रामलक्ष्मणौ वनं गच्छतः ।

ऊपर दिए गए वाक्य में ब्रह्म-वरुणेन्द्र-रुद्र-मरुतः और रामलक्ष्मणौ ये दोनों पद समास हैं । इन दोनों पदों का विग्रह वाक्य क्रमशः ब्रह्मा च वरुणः च इन्द्रः च रुद्रः च मरुतः च (= वरुणेन्द्र-रुद्र-मरुतः) और रामः च लक्ष्मणः च (= रामलक्ष्मणौ) होते हैं । इस प्रकार जिस समास का विग्रह करने पर दो पदों के बीच 'च' शब्द का प्रयोग किया गया हो उसे द्वन्द्व समास कहा जाता है । (जब दो या अधिक संज्ञाएँ इस प्रकार जुड़ी रहती है कि उनके बीच में 'च' (और) छिपा रहे तो उसमें द्वन्द्व समास होता है ।)

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) विवेकः पाणिपादम् प्रक्षालयति ।

(2) समीरः वीणामृदङ्गम् वादयति ।

इन वाक्यों में प्रयुक्त और वीणामृदङ्गम् दोनों द्वन्द्व समास के उदाहरण हैं । उनका विग्रह क्रमशः इस प्रकार होगा । पाणि च पादौ च (= पाणिपादम्) । वीणा च मृदङ्गः च (= वीणामृदङ्गम्) । आप देख सकते हैं कि यहाँ भी समास का विग्रह ऊपर के अनुरूप ही है परन्तु समास में परिवर्तित होने के पश्चात् दोनों में एकवचन का प्रयोग किया गया है । (जब उपर्युक्त वाक्यों में क्रमशः द्विवचन और बहुवचन का प्रयोग किया गया है ।)

सामासिक शब्द बनने के पश्चात् वचन की भिन्नता के कारण द्वन्द्व समास दो प्रकार के होते हैं । (1) इतरेतर द्वन्द्वः । और (2) समाहार द्वन्द्वः । जिन प्रयोगों (सामासिक शब्द) में द्विवचन या बहुवचन का प्रयोग किया जाता है उन्हें इतरेतर द्वन्द्वः समास कहा जाता है । परन्तु जिन (सामासिक शब्दों) प्रयोगों में एक वचन का प्रयोग किया जाता है, उन्हें समाहार द्वन्द्व समास कहा जाता है । (समाहार द्वन्द्व समास सदैव नपुंसकलिंग में होता है । इस बिन्दु पर विशेष ध्यान दीजिए ।)

स्वाध्याय

1. अधोलिखितानां पदानां समासनाम लिखत ।

(1) कुलाचारः (2) तातपुत्रौ (3) मरणासन्नः (4) भोजयुवकौ

(5) धाराधिपतिः (6) शाल्मलीतरुः (7) विपत्कालः (8) वापीजलानि

2. निम्नलिखितानि पदानि संयोज्य योग्यं समासं विरचयत ।

(1) सूर्य + अस्तकालम् (2) सर्व + अङ्गः (3) पृष्ठ + भागः (4) कार्य + साधिका

(5) विचार + मुद्रा (6) जन + समूहः (7) दुर्ग + अध्यक्षः

3. क-विभागं ख-विभागेन सह संयोजयत ।

क	ख
(1) विचारमुद्रा	(1) इतरेतरद्वन्द्वसमासः
(2) वरुणेन्द्र-रुद्र-मरुतः	(2) समाहारद्वन्द्वः
(3) चलाचलम्	(3) षष्ठीतत्पुरुषः
(4) आपद्गतः	(4) द्वितीयातत्पुरुषः
	(5) तृतीयातत्पुरुषः

अभ्यास 6 : सन्धिः

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) अहं जलं पातुम् इच्छामि ।

(2) तडागं गन्तुं निर्गच्छति ।

ऊपर दिए गए वाक्य में प्रयुक्त अहं, जलं, तडागं तथा गन्तुं पदों में आपने कुछ वर्णों के ऊपर बिन्दु देखा होगा, इन बिन्दुओं को 'अनुस्वार' कहा जाता है । संस्कृत साहित्य में इसे एक स्वतंत्र वर्ण माना जाता है । इसका उच्चारण मुख और नाक दोनों के साथ किया जाता है । (अनुनासिक) सामान्यतः इसका उच्चारण 'म्' के समान किया जाता है ।

इन अनुस्वार वाक्यों में दो प्रकार दिखाई देते हैं : (1) वाक्य में प्रयुक्त शब्द के अन्त में जैसे बालिकः पुस्तकं पठति । और (2) शब्द के मध्य में जैसे दंडः । इन दोनों प्रकार के अनुस्वार के संदर्भ में संधि के मुख्य नियम इस प्रकार हैं :

(1) वाक्य में प्रयुक्त शब्द (पद) के अन्त में यदि 'म्' आए और उसके तुरन्त बाद कोई व्यंजन वर्ण से प्रारम्भ होने वाला वर्ण आए तो ऐसे 'म्' के स्थान पर अनुस्वार (ं) किया जाता है । जैसे, अहं जलं पातुम् इच्छामि । जैसे, अहं, जलं, पातुम् इच्छामि । इस वाक्य में आप देख सकते हैं कि अहम् पद के अन्त में 'म्' वर्ण है, इसके तुरन्त बाद प्रयुक्त पद (जल) व्यंजन वर्ण से प्रारम्भ होता है । अतः 'म्' के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है । परन्तु 'पातुम्' पद में 'म्' के स्थान पर अनुस्वार का उपयोग नहीं किया गया है, परन्तु इस पद (इच्छामि) का प्रारम्भ व्यंजन से न होकर स्वर से हुआ है । (यदि यहाँ व्यंजन से प्रारम्भ होने वाले किसी शब्द का प्रयोग होता, तो अनुस्वार किया जाता) उदाहरण : अहं जलं पातुं गच्छामि । अतः यहाँ अनुस्वार का उपयोग न करते हुए 'म्' का उपयोग किया गया है ।

(2) पद (शब्द) के मध्य भाग में अनुस्वार के बाद यदि कोई व्यंजन (श्, ष्, स्, ह् ऊष्माक्षर और य्, र्, ल्, व् अन्तःस्थ वर्णों के अतिरिक्त आए तो अनुस्वार के स्थान पर उस वर्ग के पाँचवें (अनुनासिक) वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न् ही म्) में परिवर्तित हो जाता है । जैसे, दंडः यहाँ द पर जो बिन्दु दिखाई दे रहा है, वह अनुस्वार है । उसके बाद 'ड' वर्ण है अतः यहाँ 'ड' अपने वर्ग (ट् ठ् ड् ढ् ण् - ट वर्ग) के पाँचवें वर्ण में (ण्) परिवर्तित हो जाएगा । जैसे दण्डः ।

ध्यान रखिए : क-वर्ग अर्थात् क् ख् ग् घ् ङ् , च-वर्ग अर्थात् च् छ् ज् झ् ञ्, ट-वर्ग अर्थात् ट् ठ् ड् ढ् ण्, त-वर्ग अर्थात् त् थ् द् ध् न् और प-वर्ग अर्थात् प् फ् ब् भ् म् । इस प्रकार यदि अनुस्वार के बाद क् ख् ग् घ् में से कोई भी वर्ण आए तो अनुस्वार के स्थान पर अपने वर्ग के पाँचवें वर्ण (ङ) में परिवर्तित हो जाएगा । जैसे - अंकः > अङ्कः । पंखः > पङ्खः । गंगा > गङ्गा । संघ > सङ्घः । ऐसे ही अन्य वर्ग के वर्णों की संधि प्रक्रिया भी समझिए ।

स्वाध्याय

1. उदाहरणानुसारं पदेषु अनुनासिकं लिखत ।

उदाहरणम् : शंभु (प-वर्ग) शम्भुः ।

(1) पंडितः (2) अहंकारः (3) चंपा (4) भंजयितुम्

2. निम्नलिखितानि वाक्यानि अनुस्वारप्रयोगपूर्वकं पुनः लिखत ।

(1) प्रतीक्षाम् कर्तुम् अर्हसि त्वम् ।

(2) पूर्वम् अत्र अष्टादशविद्यायाः पठनम् पाठनम् च भवति स्म ।

(3) अहम् त्वाम् कस्यचित् गुप्तचरम् मन्ये ।

(4) सत्यम् तपो ज्ञानम् अहिंसताम् च विद्वत्प्रणामम् च सुशीलताम् च ।

3. उदाहरणानुसारं वाक्येषु अनुनासिकं परसवर्णत्वेन परिवर्त्य लिखत ।

उदाहरणम् : फलं खादामि । — फलङ् खादामि ।

(1) भद्रमिदं न पश्यामि ।

(2) अश्रद्धेयं प्रियं प्राप्तं सौभद्रः ग्रहणं गतः ।

(3) स्वकीयं प्रयोजनं च संपादयति ।

(4) अहं द्वितीयं बिलं यास्यामि इति ।

अभ्यास 7 : अव्ययपदानि

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) अतः अत्रैव निगूढो भूत्वा तिष्ठामि ।

(2) परन्तु मद्भयात् न किञ्चित् वदति ।

(3) नूनम् अस्मिन् बिले सिंहः अस्ति इति तर्कयामि ।

ऊपर दिए गए वाक्यों में जिन पदों का उपयोग किया गया है उनमें से कुछ संज्ञापद, कुछ क्रियापद (तिङत क्रियापद) हैं । इन दोनों प्रकार के पदों के विषय में आप सीख चुके हैं । अतः आप इन्हें सरलता से पहचान सकते हैं । परन्तु जिन पदों को रेखांकित किया गया है, उन्हें ध्यान से पढ़िए, वे सभी अव्यय पद हैं ।

अव्यय पद की पहचान करते हुए बताया गया है कि

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥

अर्थात् जिस पद का तीनों लिंग, सभी विभक्तियों में तथा सभी वचनों में व्यय न हो अर्थात् परिवर्तन न हो, उसे अव्यय कहते हैं । 'अव्यय ऐसे शब्द को कहते हैं जिनके रूप में कोई विकार न उत्पन्न हो, जो सदा एक सा रहे । इन पदों पर लिंग, वचन, विभक्ति और काल के परिवर्तन का कोई प्रभाव नहीं होता ।' आप जानते हैं कि संज्ञा पद किसी एक लिंग में होता है और ये संज्ञापद सात विभक्तियों और तीन वचनों में अलग-अलग रूप होते हैं । अभ्यास तीन में आप सीख चुके हैं । वक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार उनका उपयोग करते हैं । जैसे -

(1) छात्रः अत्र पठति ।

(2) त्वम् अत्र छात्रान् पश्यसि ।

(3) छात्राय अत्र पुस्तकं ददाति ।

ऊपर दिए गए वाक्यों में 'छात्र' संज्ञा पद का अलग-अलग रूपों में उपयोग किया गया है । परन्तु तीनों वाक्यों में प्रयुक्त 'अत्र' पद का समान रूप से प्रयोग किया गया है । अतः एक समान प्रयुक्त शब्द अव्यय है । रूप से प्रयोग किया गया है । अतः एक समान प्रयुक्त शब्द अव्यय है ।

प्रत्येक पाठ के अन्त में दी जाने वाली टिप्पणी में पाठ में प्रयुक्त अव्ययों का अर्थ दिया गया है ।

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए :

(1) नूनम् (निश्चयेन) अस्मिन् बिले सिंहः अस्ति ।

(2) छात्रः अत्र (अस्मिन् स्थाने) पठति ।

(3) वर्षा कदा (कस्मिन् काले) भवति ।

ऊपर दिए गए वाक्यों में जो रेखांकित पद हैं वे अव्यय पद हैं । इन अव्यय पदों का जो अर्थ है, वही अर्थ देने के लिए विभक्ति और वचन से युक्त संज्ञापद कोष्ठक में दिए गए हैं । अतः आप ध्यान रखिए कि कुछ पद ऐसे भी हैं कि जिनके स्थान पर विभक्ति-वचन से युक्त संज्ञा पदों का उपयोग भी किया जा सकता है । कुछ अव्यय निम्नलिखित प्रकार से हैं :

अद्य (अस्मिन् दिने), **श्वः** (आगामी दिवसः), **ह्यः** (गतः दिवसः), **इदानीम्** (अस्मिन् काले), **अधुना** (अस्मिन् काले), **सम्प्रति** (अस्मिन् काले), **यदा** (यस्मिन् काले), **तदा** (तस्मिन् काले), **कदा** (कस्मिन् काले), **सर्वदा** (सर्वस्मिन् काले), **यत्र** (यस्मिन् स्थाने), **तत्र** (तस्मिन् स्थाने), **कुत्र** (कस्मिन् स्थाने), **सर्वत्र** (सर्वस्मिन् स्थाने), **यतः** (यस्मात् कारणात्), **ततः** (तस्मात् कारणात्), **अतः** (अस्मात् कारणात्), **कुतः** (कस्मात् कारणात्), **यथा** (येन प्रकारेण), **तथा** (तेन प्रकारेण)

(**विशेष :** आगे आप अभ्यास 5 में संबंधक भूतकृदन्त और हेत्वर्थ कृदन्त पदों के विषय में सीख चुके हैं । वे भी अव्यय ही हैं ।)

स्वाध्याय

1. अधोलिखितानाम् अव्ययानाम् अर्थं लिखत ।

(1) कुत्र (2) तदा (3) प्रातः

(4) श्वः (5) न (6) वा

2. रिक्तस्थानानि पूरयत ।

(1) ..... राजा तथा प्रजा । (यथा, तदा, कदा)

(2) सूर्यप्रकाशः ..... अस्ति । (सर्वत्र, कस्य, यतः)

(3) पिता ..... प्रवासं गमिष्यति । (यतः, कदा, यत्र)

(4) मम समीपम् ..... आगच्छ । (तत्र, यत्र, अत्र)

(5) ..... नर्मदा वहति ततः गङ्गा न वहति । (यत्र, तत्र, यतः)

3. अधोलिखितानाम् अव्ययानाम् उपयोगेन वाक्यानि रचयत ।

उदाहरणम् : अत्र-तत्र । अत्र पुस्तकम् अस्ति तत्र आसन्दः अस्ति ।

(1) यदा-तदा .....

(2) यतः-ततः .....

(3) सर्वत्र .....

(4) कदा .....